हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026



# 7 वार्ड में संपत्तिकर दोगुना बढ़ा, दर्जनभर वार्ड में 50% की बढ़ोतरी

## आम लोगों में दिख रही नाराजगी, विपक्ष मामले को लेकर करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम ने अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए एक दशक के अंतराल बाद संपत्तिकर में इजाफा कर दिया है। शहर के कई वार्डों में एकमुश्त दोगुना से अधिक बढ़ोत्तरी को लेकर विरोध भी देखने को मिल रहा है। बताया गया कि शहर में करीबन आधा दर्जन वार्ड ऐसे हैं, जहां दो सौ फीसदी तक बढ़ोत्तरी कर दी गई है। वहीं दर्जनभर वार्ड में 50% तक इजाफा संपत्तिकर में हुआ है। इस इजाफे को लेकर जहां आम जनमानस में नाराजगी देखने को मिल रही है। वहीं अब विपक्ष भी इस मामले को लेकर कल प्रदर्शन की तैयारी में हैं।

उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले ही जमीनी की गाईड लाइन दर में इजाफा किया गया था। जिसके बाद नगर निगम के अंतर्गत जमीनें महंगी हो गई है। नए वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से बढ़े हुए दर पर मूल्यांकन किया जा रहा है। जिसके अनुसार शहर के वार्डों में संपत्तिकर बढ़ा दिया गया है। यही नहीं पहले जहां छह हजार फीट में टैक्स नहीं लगता था, लेकिन अब इसे समाप्त कर सभी करदाताओं को टैक्स के दायरे में रखा गया है। जिससे साफ है कि अब गरीब वर्ग को भी संपत्तिकर की मार पड़ेगी। कुछ वार्ड में रेट कम किए गए हैं। इसी आधार पर अब नगर निगम में स्थिति संपत्तियों का मूल्यांकन शुरू हो गया है। नगर निगम में ऐसे चालीस हजार से अधिक करदाता हैं, जो हर साल नगर निगम को टैक्स का भुगतान करते हैं। अब ऐसे लोगों की संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। अफसरों ने बताया कि एक अप्रैल 2026-27 से नए दर लागू हो गया है। बहरहाल पिछले साल के टैक्स की अदायगी के लिए करदाताओं को अप्रैल माह तक की मोहलत दी गई है।




### यहां अधिक बढ़े दाम

शहर के 7 वार्ड में संपत्तिकर दोगुना बढ़ा है। इनमें वार्ड क्रमांक 15, 24, 25, 26, 27, 29, 36, 37 शामिल हैं। हालांकि कुछ वार्ड में दर कम भी किए हैं। इनमें ग्रामीण वार्ड मोतीपुर, रामनगर, स्टेशनपारा, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड, गौरीनगर, संजय नगर, कन्हारपुरी में कर घटाए गए गए हैं।

### कच्चा-पक्का मकान की अलग दर

संपत्तिकर को लेकर यह भी साफ किया गया है कि मकान के हिसाब से ही संपत्तिकर तय किया जाएगा। जैसे पक्का मकान के लिए 100%, आधा पक्का मकान के लिए 80%, कच्चा मकान के लिए 60% और खुले प्लाट के लिए 40% रकम ही ली जाएगी। वहीं घरेलू के अलावा बिल्डिंग होने पर पक्का के लिए 120%, आधा पक्का के लिए 100% , कच्चा के लिए 75% और खुले प्लाट के लिए 50 फीसदी रकम ली जाएगी।

### इससे पहले 2015 में बढ़ाया था संपत्ति शुल्क

ज्ञात हो कि इससे पहले 2015 में संपत्तिकर में इजाफा किया गया है। जबकि कांग्रेस सरकार के दौरान वर्ष 2019 से 2024 के दौरान कलेक्टर दर नहीं बढ़ाया गया था। वहीं इसमें तीस फीसदी छूट भी दी जा रही थी।अब कलेक्टर दर बढ़ने के बाद इसी आधार पर अब कलेक्टर दर नगर निगम की संपत्तियों में भी लागू होगी। जिससे शहर में आवासीय मकानों के टैक्स में बढ़ोत्तरी हो गई है। इसमें आवासीय मकान की तुलना में खाली प्लाट में 0.4 फीट कम टैक्स लागू होगा।

### वार्डवार टैक्स फीट के अनुसार

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वार्ड | पहले | अब | 13 | 21 | 22.5 | 26 | 29 | 55 | 39 | 26 | 32.5 |
| 1 | 14 | 20 | 14 | 29 | 22.5 | 27 | 29 | 65 | 40 | 23 | 27.5 |
| 2 | 14 | 20 | 15 | 26 | 65 | 28 | 26 | 35 | 41 | 23 | 32.5 |
| 3 | 21 | 20 | 16 | 21 | 37.5 | 29 | 26 | 45 | 42 | 21 | 27.5 |
| 4 | 14 | 20 | 17 | 21 | 30 | 30 | 26 | 30 | 43 | 23 | 32.5 |
| 5 | 21 | 22.5 | 18 | 23 | 30 | 31 | 23 | 22.5 | 44 | 26 | 32.5 |
| 6 | 21 | 22.5 | 19 | 26 | 30 | 32 | 21 | 25 | 45 | 26 | 27.5 |
| 7 | 21 | 22.5 | 20 | 23 | 25 | 33 | 21 | 20 | 46 | 21 | 27.5 |
| 8 | 21 | 20 | 21 | 23 | 25 | 34 | 14 | 22.5 | 47 | 14 | 22.5 |
| 9 | 21 | 20 | 22 | 26 | 35 | 35 | 21 | 22.5 | 48 | 23 | 25 |
| 10 | 18 | 20 | 23 | 26 | 35 | 36 | 23 | 65 | 49 | 14 | 20 |
| 11 | 21 | 20 | 24 | 26 | 65 | 37 | 29 | 55 | 50 | 14 | 22.5 |
| 12 | 21 | 22.5 | 25 | 29 | 65 | 38 | 26 | 32.5 | 51 | 14 | 20 |

## आंगनबाड़ियों में लग रहा शिविर, पहुंच रही महिलाएं

# केवाईसी के लिए महिलाओं की भीड़, सर्वर डाउन की भी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी करने के लिए आंगनबाड़ी और लोक सेवा केन्द्रों में महिलाओं की भीड़ नजर आ रही है। जिसके चलते लोक सेवा केन्द्रों का सर्वर डाउन हो गया है। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्रों में महतारी वंदन आईडी के लिए भी भीड़ लगी हुई है।

महतारी वंदन योजना के तहत राज्य शासन के निर्देशानुसार 3 अप्रैल से 30 जून तक योजना के हितग्राहियों को अपनी ई-केवाईसी करना अनिवार्य किया गया है। ई-केवाईसी के लिए महतारी वंदन आईडी की आवश्यकता भी है। जिसके चलते आंगनबाड़ी केन्द्रों में महतारी वंदन आईडी लेने और चॉइस सेंटरों में केवाईसी के लिए महिलाओं की भीड़ नजर आ रही है।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गुरप्रीत कौर ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत किसी भी महिला को केवाईसी करने के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं है, उनके निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र जहां उन्होंने अपनी योजना का फॉर्म भरा था, वहां निःशुल्क केवाईसी की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक के बाद एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास अधिकारी ने बताया कि एक साथ शिविर लगाने से सर्वर की समस्या होगी। जिसके चलते अलग-अलग आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए मार्च माह में ही 247 वीएलई को ट्रेनिंग दी गई है, जो इस शिविर में केवाईसी की प्रकिया करेंगे।



### आंगनबाड़ी में लगेगा शिविर

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के तहत सभी हितग्राहियों को 30 जून तक केवाईसी करना होगा, लेकिन तब तक महतारी वंदन योजना की राशि उनके खाते में आएगी। वहीं केवाईसी करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिविर लगाया जाएगा, जहां निःशुल्क ई-केवाईसी की जाएगी। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी प्रक्रिया आंगनबाड़ी के माध्यम से प्रारंभ कर दी गई है। वहीं आज से शहरी क्षेत्र के लिए कन्हारपुरी आंगनबाड़ी केंद्र में केवाईसी प्रारंभ हुई है।

### नहीं मिल रही आईडी

कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिलाओं को उनकी महतारी वंदन आईडी नहीं मिल रही है। ऐसी समस्या योजना का लाभ लेने के दौरान स्वतंत्र फॉर्म भरने वालों के साथ अधिक आ रही है। उनका नाम आसपास के दूसरे वार्डो में दिख रहा है। ऐसे हितग्राहियों को वार्ड में शिविर लगने का इंतजार किया जाना चाहिए।

### ढाई लाख महतारियों को मिल रही राशि

महतारी वंदन योजना के तहत जिले में 2 लाख 54 हजार हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। जिसमें से 11 हजार हितग्राहियों का केवाईसी पूर्व में किया जा चुका है। वहीं अब जिले की 1514 आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बचे हुए सभी हितग्राहियों का केवाईसी किया जाएगा। शहरी क्षेत्र के 154 आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिविरों के माध्यम से केवाईसी करने की प्रक्रिया होगी।

# सटोरिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान


धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा के मामले में एक आरोपी को पकड़कर सट्टा-पट्टी, नगदी रकम सहित अन्य सामान जब्त कर कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार छुईखदान पुलिस को 10 अप्रैल को सूचना मिली कि छेरकु वर्मा जयस्तंभ छुईखदान के पास लोगों से पैसा लेकर कागज पर अंकों के सामने रुपए-पैसे लिखकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी छेरकुराम वर्मा 57 साल साकिन कानीमेरा के कब्जे से एक नग एंड्राईड मोबाइल एवं एक नग सट्टा-पट्टी सादी कागज में अंकों के आगे रुपए-पैसे का लेनदेन लिखा हुआ, 1 नग डॉट पेन एवं मोबाइल के मैसेज का स्क्रीनशॉट 1 प्रति एवं नगदी रकम 1210 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 6, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त

डॉ. जय टॉक
एम.डी.एस.
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
उपलब्ध सुविधाएं
- चेहरे एवं मुँह के अंदर कैंसर का उपचार
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी
- दांतों के इम्पलान्ट् कार्य के स्पेशलिस्ट
- दुर्घटना से चेहरे की टूटी हड्डी का निशान रहित सर्जरी
- मुँह अथवा जबड़ों में कैंसर एवं गाँठ की सर्जरी
- गुटखा तम्बाखू आदि के सेवन से मुँह का कम खुलना
- कटेफेटे कान, होठ और जन्मजात चेहरे एवं मुँह के विकृत अंगों का पुनर्निर्माण जबड़ों का टेढ़ेपन का इलाज
- चेहरे या सर में दर्द का इलाज
- अकल (विज्डम) डाढ़ की सर्जरी
- चेहरे के समस्त रोग एवं दर्द का उपचार
- चेहरे के घावों का उपचार
- मुँह का कम खुलने का इलाज
- चेहरे व गले में किसी प्रकार के गांठ,
- दाग, घाव मसा का निदान
- जबड़े के फेक्चर का उपचार
अपॉइंटमेंट - 077443 56654, 94255 29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

Jinkushal Jewellers
सिर्फ 4% मेकिंग चार्जेस पर
आपकी मेहनत की कमाई का असली मोल हम समझते हैं।

अक्षय तृतीया की अग्रिम खरीदी के लिए पधारिये
आज ही करें कल की तैयारी

HALLMARK GOLD & 999 HALLMARK SILVER COIN & JEWELLERY AVAILABLE
सुविधाएं :
पुराना सोना/चांदी बदलने की सुविधा
गोल्ड ज्वैलरी आसान किस्तों में उपलब्ध
डेली गोल्ड भाव व ऑफर्स के लिए WhatsApp करें
स्कैन करें
*T&C Apply
जिनकुशल ज्वैलर्स
Ratnaprabha, Satti Bazar Chowk, Raipur (C.G.)
+ 9827995000 jinkushaljewellers.myshopify.com

माय एंगल




# पुलिस ने किया अवैध महुआ लाहन को नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतालव क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि रौरकसा डैम के समीप अवैध रूप से महुआ लाहन बड़ी मात्रा में डुबाकर रखा गया है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते पुलिस टीम मौके पर पहुंची और करीब 800 किलोग्राम अवैध महुआ लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण पर प्रभावी रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

डैम के समीप अवैध रूप से महुआ लाहन को डूबाकर रखा गया था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महुआ लाहन का नष्टीकरण किया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### खुलासे के बाद राशि जमा करने से परहेज

**डोंगरगढ़।** पैसा दोगुना करने का झासा देकर फर्जीवाडा का मामला प्रकाश में आने के बाद हड़कंप मच गया। लगभग 100 से अधिक लोग 10 प्रतिशत प्रतिमाह मिलने के लालच में आकर इन्वेस्ट करने की तैयारी ली थी किन्तु अब सभी पीछे हट गए है। दो साल से चल रहे इस आनलाईन कारोबार में पिछले 6 माह से लोगों को कमीशन नहीं मिल रहा है। राशि नहीं मिलने के बाद लोग स्थानीय एजेंट पर लगातार दबाव बना रहे है अब लोगों ने इस कारोबार से दूरी बनाना शुरू कर दिया है। स्थानीय एजेंट ने शहर के अलावा जिले के लोगों का भी पैसा लगवाया है। बताया जाता है कि उक्त एजेंट ने होटल, मकान और जमीनों में इन्वेस्ट किया है।

### जिपं उपाध्यक्ष ने दिया पानी टैंकर

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली को जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने 15 वें वित्त की राशि से पेयजल समस्या के समाधान के लिए पानी टैंकर मुहैया कराया है। गर्मी के दिनों में जल संकट वाले वार्ड में पेयजल की सप्लाई की जाएगी। इस पहल के लिए सरपंच नंदकुमार साहू, उप सरपंच पुखराज साहू एवं सभी वार्ड पंचों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू का आभार व्यक्त किया है।




### महिलाओं का केवाईसी 30 जून तक

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत अछोली में महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं का केवाईसी करने 3 अप्रैल से शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर आगामी 30 जून तक चलेगा। महतारी वंदन योजना की हितग्राही का केवाईसी करना अनिवार्य है।जिसके लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीता भादुडी,सुनीता बांसोड़, भानुमति साहू, शांति बंजारे द्वारा हितग्राहियों के केवाईसी अपडेट कराने कहा जा रहा है। महिला बाल विकास सुपरवाइजर लगातार कार्य का निरीक्षण कर रही है।



### आरती में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** इंदिरा नगर में नवनिर्मित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपने परिजनों के साथ संध्या आरती में शामिल हुए। अध्यक्ष बनने के बाद श्री डोंगरे ने वार्डवासियों के निवेदन पर मुक्तेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कराया है। वार्डवासियों ने इस पहल के लिए अध्यक्ष श्री डोंगरे का आभार व्यक्त किया है। आरती के दौरान भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी शुभम परिहार एवं सुनीता बोस आदि उपस्थित थे।



### उल्लास से मनाया होम्योपैथी दिवस

**डोंगरगढ़।** होम्योपैथी औषधालय में 10 अप्रैल को डॉ आलोक कलचुरी के मार्गदर्शन में विश्व होम्योपैथी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होम्योपैथी औषधालय के आयुष दीप समिति के अध्यक्ष डिकेश राव, हरीश मोटघरे, अनीश निर्मलकर, डॉ शोबी खान, डॉ लिलेश गौतम, डॉ ममता राय, एनआर देवांगन, कैलाश शर्मा, वायएस राठौर, डीके जैन, सान्निध्य सिंह, सुशीला मांडवी, गायत्री, मुक्ता, सुमरो की उपस्थिति में होम्योपैथी चिकित्सा के जनक डॉ हेनीमेन की पूजा अर्चना की गई। डां राय, डॉ गौतम, डॉ कलचुरी, पार्षद निर्मलकर ने होम्योपैथी चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में डॉ कलचुरी ने आभार व्यक्त किया।



### विकास कार्यों का भूमिपूजन

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत कोटरासरार में 24 लाख की लागत से प्रस्ताविक विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। ग्राम के महिला भवन में शौचालय निर्माण 2 लाख, पाइप लाइन विस्तार वार्ड 2, बजरंगबली मंदिर जीर्णोद्धार 4.98 लाख, नया तालाब निर्माण 5 लाख, बड़े तालाब गहरीकरण कार्य 10 लाख की लागत से होना है। भूमिपूजन के इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जनपद सभापति रेशमा साहू, सरपंच, पंच और ग्रामीण मौजूद थे।



### मनोज बने कबड्डी के राष्ट्रीय अंपायर

**अर्जुनी।** कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भोपाल में गत दिनों कबड्डी निर्णायक की परीक्षा आयोजित किया था। परीक्षा में स्थानीय नवीन महाविद्यालय के अतिथि क्रीडा सहायक मनोज प्रधान भी शामिल हुए। परिणाम घोषित होने के पश्चात उन्हे राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक की श्रेणी में शामिल किया गया है। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, दुर्गाप्रसाद चौधरी, अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, शुभि जैन, योगिता ठाकुर, कंचन साहू, हिमानी साहू, संध्या कुमारी, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे, ज्ञानेश्वर देवांगन ने उन्हें बधाई दी है।



### हत्या के प्रयास मामले में आरोपी को कारावास

**डोंगरगढ़।** हत्या का प्रयास करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी द्वारका यादव पिता सुकालू राम यादव को धारा 103 (1) बीएनएस के तहत आजीवन कारावास तथा 500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित करने का आदेश पारित किया है। जोब निवासी आरोपी द्वारका यादव पिता सुकालू राम यादव पर सावित्री को धारदार हथियार टांकी से प्राणघातक चोट पहुचाकर हत्या करने का मामला दर्ज हुआ था। साक्षियों के न्यायालीन कथन के आधार पर अपराध प्रमाणित पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश प्रतिभा वर्मा ने अभियुक्त द्वारका यादव को आजीवन कारावास तथा 500 रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति मे पृथक से 1 माह का सश्रम कारावास का आदेश दिया है। इस प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक ज्योति सोनवानी ने पैरवी किया।



## हरिभूमि की खबर का असर, स्वास्थ्य अमला पहुंचा गांव

# सिस्टम की बेरूखी से कंकाल बने युवक को पहुंचाया अस्पताल

### विधायक ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जीवन मृत्यु के बीच झूल रहे आदिवासी युवक की सुध ली, शासन प्रशासन ने। अधमरे व्यक्ति को इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस सर्विस के माध्यम से मानपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती करवाया गया।

मानपुर-मोहला-अंबानगढ़ चौकी जिले के वनांचल क्षेत्र मानपुर के नवाटोला (जंगल)में आदिवासी युवक की मृत्यु सैया में पड़े होने की खबर हरिभूमि मे प्रकाशित होने के बाद इलाज के अभाव में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे आदिवासी युवक कि स्थिति की त्वरित संज्ञान में लेकर क्षेत्रीय विधायक इंद्र शाह मंडावी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच वन रास्तों से पीड़ित आदिवासी के घर पहुंचे।

विधायक के निर्देश पर स्वास्थ विभाग के बीएमओ डॉ.खोबरागढ़ भी अपनी पूरी टीम के साथ गांव पहुंचकर पीड़ित को 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से मानपुर हॉस्पिटल उचित इलाज हेतु लाया गया। वहीं विधायक इंद्र शाह मांडवी के द्वारा पीड़ित के माता-पिता को आर्थिक सहयोग भी किया गया।

#### गांव पहुंचे विधायक

विधायक इन्द्रशाह मंडावी को जैसे ही हरिभूमि में छपी खबर की जानकारी मानपुर संवाददाता बशीर खान के माध्यम से मिली वे नवाटोला में दशरु मंडावी के परिवार में पुत्र कृष्णा मंडावी का तबियत खराब है जो इलाज का बांट जोह रहा है। विधायक ने संज्ञान में आते ही सीधे आज सुबह नवाटोला का दौरा किया एवं पीड़ित परिवार से मुलाकात किया। उनसे बात कर तुरंत खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गिरीश खोबरागढ़े को दूरभाष कर शीघ्र स्वास्थ्य अमला सहित पहुंच विहीन गांव में बुलाया और परिवार के सहमति से कृष्णा मंडावी को सीधे अस्पताल पहुंचाया। स्वास्थ्य अमला के पहुंचने पर स्वयं पीड़ित को स्ट्रेचर में उठाकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया।



#### दंश झेल रहा दशरु का परिवार

बूढ़े दशरु मंडावी के परिवार को शासन-प्रशासन ने तो छला ही है, पर नियति ने भी कोई कसर नहीं छोड़ा है। दशरु का तीन पुत्रों के परिवार में दो पुत्र पहले ही असामयिक चीरनिद्रा में समा गए है। वही तीसरा बेटा कृष्णा मंडावी भी बीमारी के कारण पिछले 3 साल से पीड़ित है एवं 8 महीने से बिस्तर पर पड़े पड़े कंकाल की भांति जिन्दा लाश बन गया था। एक पुत्र सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ है जिनका बीमा का राशि भी पीड़ित परिवार को आज पर्यंत तक नहीं मिल पाया है।



#### नाले का पानी पीने मजबूर

यह बेहद चौंकाने वाली बात है कि, इसे आप शासन-प्रशासन की निष्क्रियता या विडंबना कहे, आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला बनने के तीन साल बाद भी दशरु मंडावी का परिवार नाले का पानी पीने मजबूर है। उसके घर के पास पेयजल की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। ना बोरिंग है न ही नल कनेक्शन है, जिससे पूरा परिवार नाले मे झरिया का पानी पीने को मजबूर है।

#### इलाज कराया जाएगा

नवाटोला के दशरू मंडावी पहले से मेरे संपर्क में रहा है। मैनें किसी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करने के लिए अपना मोबाईल नंबर भी दिया था। पुत्र के गंभीर रूप से बीमार होने के बारे में उन्होंने नहीं बताया। मामले की जानकारी मिलने पर हम लोग गांव पहुंचे और स्थिति को देखकर स्वास्थ्य विभाग को उपचार करने निर्देशित किया गया है। - **इन्द्रशाह मंडावी,** विधायक

#### अस्पताल में दाखिल

हरिभूमि समाचार पत्र में छपी खबर से हमें जानकारी मिली। विधायक के निर्देश पर 37 वर्षीय कृष्णा मंडावी को अस्पताल में दाखिल कराया गया है।
- **डा. गिरीश खोब्रागढ़े,** बीएमओ, मानपुर

## बूथ स्तर तक पैठ जमाने का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- बूथ और पंचायत लेबल तक कमेटी गठन की कवायद
- कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी

संगठन सृजन अभियान अंतर्गत कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए ब्लॉक में विभिन्न गांव में बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की रणनीति बनाई गई।

ब्लॉक अध्यक्ष टिकेश साहू ने बैठक में संगठन की मजबूती और बूथ कमेटियों के पुनर्गठन पर विस्तृत चर्चा की।बैठक में अर्जुनी प्रभारी बलिराम साहू और संध्या साहू उपस्थित थे। बैठक में ग्राम पंचायत केसला, खुज्जी, तेंदुनाला, मनेरी, मोहड़, दीवानभेड़ी और बरगांव आदि गांवों में संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष साहू ने हर बूथ पर सक्रिय लोगों को प्राथमिकता देने कहा ताकि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में जीत हासिल किया जा सके।

बैठक में बलिराम साहू, सुयश नाहटा, रवि साहू, संध्या साहू, रोशन यदु, मुरली निषाद, लीलम गोस्वामी, लिलेश पटेल, मोहनीश साहू, चुम्मन साहू, देवेंद्र साहू, दीपक देवांगन, कुंभ जोशी, ईवन साहू, बसंत साहू, अनिल साहू, किशोर बनाफर, प्रमोद साहू, भूषण देवांगन, जनक सिन्हा, रुपेश साहू, अजय साहू, संजय भट्टाचार्य, मयंक यदु के अलावा युवक कांग्रेस , महिला कांग्रेस सहित अन्य प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता आदि शामिल हुए। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने बूथ चलो-गांव चलो अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## पारागांव खुर्द में गहराया जमीन विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- दो परिवारों के बीच पनपा तनाव

पारागांव खुर्द में पटवारी द्वारा किए गए सीमांकन में हुई गड़बड़ी से दो परिवारों के बीच विवाद खड़ा हो गया है। यह मामला अब इतना बढ़ चुका है कि गांव में कभी भी संघर्ष होने की आशंका है। ग्राम के लिखन लाल लोधी और रामकुमार लोधी के बीच जमीन को लेकर चल रहा विवाद आए दिन गाली-गलौज और झगड़े में बदल रहा है, जिससे पूरे गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया है।

जानकारी के अनुसार लिखनलाल लोधी ने वर्ष 2008 में करीब 1.42 एकड़ जमीन खरीदी थी। इसी समय रामकुमार लोधी ने भी पास की जमीन खरीदी थी। विवाद तब शुरू हुआ जब खसरा नंबर 217/3 और 217/5 के सीमांकन और नक्शों में अंतर सामने आया।



#### तहसील ने बदल दिया नक्शा

जानकारी के अनुसार आयुक्त दुर्ग संभाग और राजस्व मंडल ने भी माना कि निचले स्तर पर गलती हुई है। नियमों के अनुसार नक्शा सुधार का अधिकार केवल कलेक्टर को है, लेकिन तहसील स्तर पर ही इसमें बदलाव कर दिया गया, जिसे बाद में अमान्य घोषित करना पड़ा। साफ है कि प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा दोनों परिवार भुगत रहे हैं।

#### रिकार्ड में अंतर

पटवारी लिकेश साहू का कहना है कि विवाद की मुख्य वजह रिकॉर्ड में अंतर होना है। मैनुअल, ऑनलाइन और आरटीआई से मिले नक्शों में भिन्नता के कारण स्थिति उलझ गई है। उनका कहना है कि मौके पर जमीन रिकॉर्ड के अनुसार नहीं मिल रही, जिससे सीमांकन में दिक्कत आ रही है।

#### कांट छांट से बढ़ा विवाद

आरोप है कि राजस्व अमले द्वारा नक्शे में किए गए काट-छांट के कारण जमीन की स्थिति बदल गई, जिससे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए है।लिखन लाल का कहना है कि वह वर्षों से न्याय के लिए तहसील से लेकर आयुक्त और राजस्व मंडल तक भटक रहा है। कई जगह से उसके पक्ष में आदेश भी मिला हैं इसके बाद उन्हें जमीन पर हक नहीं मिल पाया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी ने भी अपने आदेश में विवादित जमीन पर लिखन लाल का कब्जा माना और दूसरे पक्ष को हस्तक्षेप से रोका था। फसल लौटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन इन आदेशों का कोई असर नहीं हुआ।

## आसरा में किया सघन जनसंपर्क

### भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भाजपा के स्थापना दिवस पर शुरू किए गए गांव चलो- बस्ती चलो अभियान अंतर्गत ग्राम आसरा में सघन जनसंपर्क किया गया। संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति जागृति यदु थी।

इस मौके पर श्रीमती यदु ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का गमछा भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी हैं और इनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, भाजपा नेता चुन्नी यदु, सेवा सहकारी समिति कोकपुर के प्राधिकृत अधिकारी खेमनलाल साहू, ललिता साहू, भागवत चंद्रवंशी, चेतन साहू, आत्माराम साहू, शिवराम साहू, शंभू साहू, रमन साहू, मुकेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## कॉलेज के छात्रों को बताया मौलिक अधिकार और कर्तव्य



**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में शनिवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता विनीता मदान शामिल हुई। सर्वप्रथम प्राचार्य ने विद्यार्थियों को विधि के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि कानून केवल नियमों का समूह नहीं, बल्कि समाज में न्याय, समानता और अनुशासन बनाए रखने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने तथा विधिक ज्ञान को अपने दैनिक जीवन में अपनाने प्रेरित किया। व्याख्यान में श्रीमती मदान ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के भाग-3 में वर्णित मौलिक अधिकारों, धारा 35 के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि संविधान में प्रदत्त अधिकार नागरिकों को सशक्त बनाते हैं और उनके संरक्षण हेतु न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

#### न्यायिक प्रक्रिया से कराया अवगत

उन्होंने विद्यार्थियों को सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट के ऑनलाइन पोर्टल्स के उपयोग, न्यायिक प्रक्रियाओं की मूलभूत जानकारी तथा कानूनी सहायता प्राप्त करने के विभिन्न माध्यमों से अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रश्नों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. संजू सिंह, डॉ. काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, कंचन साहू, हिमानी साहू, संध्या कुमारी, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, ओमप्रकाश सहारे, मनोज प्रधान, ज्ञानेश्वर देवांगन उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन शुभी जैन ने किया।

## बाहर के व्यापारी को कम दर में भवन का आबंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शादी ब्याह का सीजन शुरू होने के बाद शहर के गरीब तबके के लोगों को भवन के लिए परेशान होना पड़ेगा वजह यह है कि सामाजिक धार्मिक आयोजन के बने भवन को व्यवसायिक उपयोग के लिए किराए पर दे दिया गया है वह भी बेहद कम किराए पर।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा प्रियदर्शिनी सांस्कृतिक भवन का निर्माण विभिन्न आयोजनों के लिए कराया गया था। निर्माण के बाद से अब तक इस भवन में सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक आयोजन होते रहे हैं। जानकारी के अनुसार शादी सहित अन्य आयोजन के लिए इस भवन के उपयोग करने पर प्रतिदिन मात्र चार हजार के अलावा बिजली और सफाई का शुल्क देना होता है। कम शुल्क होने के कारण गरीब तबके के लोग इस भवन का उपयोग करते रहे हैं, किंतु आने वाले दिनों में यह भवन आम लोगों को नहीं मिल पाएगा वजह यह है कि नगर प्रशासन ने इसे मासिक किराए पर दे दिया है।




#### दिल्ली के व्यापारी पर मेहरबानी

इंदिरा प्रियदर्शिनी सांस्कृतिक भवन में सेल लगा है। प्रशासन ने एक माह का 30 हजार किराया जमा करवा है जबकि शहर के आम लोगों से पारिवारिक आयोजन के लिए प्रतिदिन 4 हजार की दर से किराया वसूल किया जाता है। आर्थिक नुकसान कर व्यापारी को लाभ पहुंचाने को लेकर नगर में काफी तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

#### जांच होना चाहिए

भाजपा पार्षद प्रफुल्ल जैन ने बताया कि भवन को व्यवसायिक उपयोग के लिए देने के पूर्व परिषद में चर्चा नहीं किया गया। यह मामला सीधे आर्थिक नुकसान के साथ जनहित की अनदेखी का है। जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए। मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने कहा कि जनहित की अनदेखी कर भवन को व्यवसायिक उपयोग के लिए गलत है। आबंटन रद्द किया जाना चाहिए। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि जनसुविधा के लिए बने भवन का व्यापारिक उपयोग नहीं होना चाहिए। इस मामले में जांच और कार्रवाई होना चाहिए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जयंती को लेकर आकर्षक सजावट



**राजनांदगांव।** 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर शहर के भरकापारा स्थित अशोक स्तंभ चौक में आकर्षक सजावट की जा रही है। वार्ड के बौद्ध अनुयायियों द्वारा इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है।

### भाजपा पर वाहवाही लूटने का आरोप

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने भाजपा पर झूठी वाहवाही लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बीते दिवस



जिला मुख्यालय में जिला पंचायत भवन की भूमिपूजन किया गया जिसे भाजपा की उपलब्धि बताकर झुठा श्रेया लिया गया। उन्होंने कहा कि जिला का निर्माण तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किया है लेकिन सिर्फ भवन का भूमिपूजन कर सत्ताधारी पार्टी वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस शासनकाल में बाजार अतरिया में कॉलेज, जालबांधा में तहसील, साल्हेवारा में तहसील कार्यालय शुरू किया गया जबकि भाजपा ने ऐसा कोई काम नहीं किया जिस पर गौरव किया जा सके।

### ट्रांसफार्मर हटाने की मांग अब तक लंबित

**सड़क अतरिया।** ग्राम के ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद भी ट्रांसफार्मर को अब तक हटाया नहीं गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति के



लिए वर्तमान में दो ट्रांसफार्मर लगे है जिसमें एक ट्रांसफार्मर खेत के बीच में लगा हुआ है। बरसात के समय हवा एवं बारिश से ट्रांसफार्मर में बार बार तकनीकी खराबी आता है। ट्रांसफार्मर के चारों तरफ पानी से भरे होने से वहां तक पहुंचना आसान नहीं होता। जमीन के गीला होने पर खतरा भी बना रहता है। कई बार ऐसी स्थिति आती है कि लोगों को पुरी रात अंधेरे में गुजारना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि रात के अंधेरे में लाईनमेन मौके पर पहुंच कर खराबी दूर करने में कतराते हैं। ग्रामीणों की मांग पर ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह लगाना प्रस्तावित है। स्थल चयन भी किया जा चुका है परन्तु ट्रांसफार्मर को अब तक हटाया नहीं जा सका है।

### कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने ग्रामीणों से संपर्क कर ली जानकारी

# 3367 पीएम आवास का निरीक्षण निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

## आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिले में चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान के तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्रामों में संपर्क कर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों से सम्पर्क कर आवास निर्माण में आ रही समस्या की जानकारी ली और समस्याओं का समाधान किया। कलेक्टर ने हितग्राहियों की समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना और अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहियों को समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने प्रेरित भी किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित रही।

कलेक्टर ने निर्देशानुसार महासंपर्क अभियान के तहत शासकीय अमलों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से घर-घर सम्पर्क कर आवास निर्माण में आ रही समस्या की जानकारी लेकर समस्या का सामाधान किया गया और हितग्राहियों को समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने प्रेरित किया गया।प्रशासनिक अमले द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के 109 ग्राम पंचायतों में स्वीकृत 1235 अप्रारंभ आवास को प्रारंभ कराने एवं निर्माणाधीन 2132 कुल 3367 आवासों का एक ही दिन में निरीक्षण किया गया और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से समय-सीमा में आवास निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने प्रेरित किया।



### प्रदेश में पहली बार पहल

प्रदेश में पहली बार की गई इस पहल में जनपद पंचायत अंतर्गत कार्यरत उप अभियंता मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी व तकनीकी सहायक, करारोपण अधिकारी, विकास एवं सहायक विकास विस्तार अधिकारी योजनांतर्गत कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी एवं अन्य विभाग के अधिकारियों को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई। जिसमें प्रत्येक नोडल अधिकारी को 30 से 90 हितग्राहियों के आवासों का महासम्पर्क अभियान में सतत निरीक्षण हेतु लक्ष्य प्रदान किया गया है।

### निर्धारित प्रारूप में मांगी रिपोर्ट

नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, बिहान कैडर, सक्रिय महिला, पशु सखी, कृषि मित्र, महिला समूह, एफएलसीआरपी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समूह में हितग्राहियों के घर-घर जाकर आवास निर्माण कार्यों में तेजी जाने प्रेरित किया गया। साथ ही निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट भी मंगाई गई। जिसमें समस्या के समाधान को लेकर दिए गए सुझाव, किस्त मिलने की स्थिति, निर्माण की स्थिति, निर्माण की स्थिति आवास पूर्णता की संभावित तिथि सहित अन्य आवश्यक जानकारी का संग्रहण एवं अवलोकन किया गया।

### 4683 आवास का निर्माण जारी

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड में वर्ष 2016 से 23 में कुल 8725 आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें कुल 8589 आवास पूर्ण शेष 136 आवास प्रगतिरत है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 से 2025-26 में 10292 आवास स्वीकृत किए हैं। जिसमें से 5609 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं। स्वीकृत शेष निर्माणाधीन आवास 4683 पूर्ण किए जाने का लक्ष्य जनपद पंचायत राजनांदगांव को दिए गए हैं। राजनांदगांव विकासखंड में आवास निर्माण के संबंध में एक अभिनव पहल की गई। घर-घर जाकर संपर्क कर आवास निर्माण में आ रही समस्या का समाधान कर समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने तथा जल संरक्षण करने के लिए हितग्राहियों के आवास में सोखता गड्ढे एवं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।

# टंडार में लो वोल्टेज की समस्या दूर, लगा नया ट्रांसफार्मर

**खैरागढ़/गंडई।** जिले के गंडई उपसंभाग अंतर्गत आने वाले ग्रापं टंडार में लंबे समय से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या का विद्युत विभाग ने नया ट्रांसफार्मर



लगाकर निराकरण कर दिया। चौक और मुहल्ले में वोल्टेज कम होने के कारण ग्रामीणों को घरेलू विद्युत उपकरणों के संचालन और पेयजल संसाधनों जैसे बोरवेल व पंप के उपयोग में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के मैदानी अधिकारियों ने तत्काल मौके का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि एलटी लो-टेंशन लाइन अत्यधिक लंबी होने के कारण वोल्टेज ड्रॉप हो रहा था और अंतिम छोर तक पर्याप्त बिजली नहीं पहुंच पा रही थी।

### ग्रामीणों ने जताया आभार

विद्युत विभाग ने इस पर त्वरित एक्शन लेते हुए चौक-मुहल्ले के लिए विशेष रूप से नया डीपी पोल खड़ा कर वितरण ट्रांसफार्मर चार्ज किया। लंबी निम्नदाब एलटी लाइन की लंबाई को कम कर लोड को नए ट्रांसफार्मर पर सुचारू रूप से विभाजित किया गया। जिसके पूरा होते ही टंडार के रहवासियों को अब बिना किसी ट्रिपिंग और पर्याप्त वोल्टेज साथ 24 घंटे बिजली की सुविधा मिलने लगी है। विद्युत अधोसंरचना के कार्य के पूरा होने पर गांव के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ी वही भीषण गर्मी में बिजली की समस्या दूर होने से पूरा गांव राहत महसूस कर रहा है। कार्य के सफलतापूर्वक और रिकॉर्ड समय में क्रियान्वयन के लिए टंडार के पूर्व सरपंच तानसेन साहू, राज यादव, गोपी वर्मा, ओमलाल जंघेल, गुलेश्वर वर्मा सहित ग्रामवासियों ने संभाग के कार्यपालन अभियंता आलोक दुबे, सहायक अभियंता गंडई किरण जांगड़े, कनिष्ठ अभियंता हरिप्रसाद जंघेल और उनकी पूरी मैदानी टीम का आभार व्यक्त किया है।

# संगठन सृजन अभियान के तहत शहर कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संगठन सृजन अभियान तहत शहर कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने व आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रभारी कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकत है और हर कार्यकर्ता को सक्रिय होकर जनता के बीच काम करना होगा।

शहर प्रभारी विजय वर्मा ने एकजुटता पर जोर देते हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही। जिला संगठन महामंत्री पं मिहिर झा ने संगठनात्मक मजबूती को सफलता की कुंजी बताया। जिला सचिव पलाश सिंह ने युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने पर बल दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने कहा कि खैरागढ़ में कांग्रेस संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है। हम केवल बैठकों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि हर वार्ड और हर बूथ पर जाकर जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आने वाले समय में कांग्रेस कार्यकर्ता ही बदलाव की ताकत बनेंगे और जन-जन तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाएंगे।



### संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

बैठक मे कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आम जनता, गरीब, किसान और युवाओं की आवाज रही है। हम सिर्फ वादे नहीं करते बल्कि जमीन पर काम करने में विश्वास रखते हैं। कार्यकर्ताओं की एकजुटता और मेहनत से ही आने वाले समय में कांग्रेस और मजबूत होकर उभरेगी। बैठक में अनुराग तुरे, दीपक देवांगन, शेखरदास वैष्णव, मनोहर सेन, यतेंद्रजीत सिंह, नित्य शरण सिंह, राजा सोलंकी, भारत चंद्राकर, मोहित भोडेकर, गिरीश सारथी, किशन रजक, संत निषाद, लाल अमित सिंह, श्रद्धा अग्रवाल, मेघा जैन, रेशमा सोलंकी, अजय देवांगन, गीता सारथी, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, शिवम यादव, रतन सिंगी, राहुल बंजारे, रत्नेश सारथी, केवल दास टंडन, विनोद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे जिन्होने संगठन की मजबूती और जनता की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।

# जिला साहू संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

## बालोद में 9 मई को मनाई जाएगी माता भानेश्वरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर स्थित साहू सदन जिला अस्पताल के पास जिला साहू संघ द्वारा आयोजित संभागीय बैठक में इस वर्ष माता भानेश्वरी जयंती बालोद जिले में मनाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में सात जिलों के पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला साहू संघ के तत्वावधान में आयोजित संभागीय बैठक में समाजहित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु प्रदेश स्तरीय माता भानेश्वरी जयंती का आयोजन रहा। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष माता भानेश्वरी जयंती का भव्य आयोजन बालोद जिले में किया जाएगा।

इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें डॉ. निरेंद्र साहू, गोपाल साहू, प्रदीप साहू, उधोप्रसाद साहू, दिव्या कलिहारी, राजेश साहू, नारद साहू, रामकिशुन साहू, शशिकांत साहू, गीता साहू, मदन साहू, महेंद्र साहू, चंद्रभूषण साहू, रामकुमार साहू, चेतन साहू, टिलेश्वर साहू, सुमन बाला, नंदा हिरवानी, डॉ. महेश साहू, मिथिलेश साहू, भागवत साहू, मोती साहू, नीलमणि साहू, नोबेल साहू, कमल किशोर साहू, विवेक साहू, शेखर साहू, नीरा साहू, चंदन साहू, माधव साहू, कुलेश्वर साहू, शिवराज साहू, गिरवर साहू, मदन मोहन, चुरामन साहू, मिलन साहू, चंद्रशेखर साहू, दिलीप साहू, देवेंद्र साहू, राजेश्वरी साहू, शीतल साहू, पूर्णिमा साहू, अन्नपूर्णा साहू, केसरी साहू, सुमन साहू, परमानंद साहू, हेमंत साहू, सेवकराम साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में समाज के विकास, एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने सभी ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



### जागरूकता का पहुंच रहा संदेश

बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू ने कहा कि जिस प्रकार समाज द्वारा माता कर्मा जयंती को निरंतर मनाया जा रहा है और उससे समाज में एकता एवं जागरूकता का संदेश पहुंच रहा है, उसी प्रकार माता भानेश्वरी जयंती को भी व्यापक स्तर पर मनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस बार 9 मई को बालोद जिले में यह जयंती उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संदेश पहुंचाना है।

# सब्जी उत्पादन में नवाचार : मैना बाई बनी सफल उद्यानिकी कृषक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर कर रही है खेती

जिले के ग्राम हथरा की निवासी मैना बाई एक मेहनती एवं प्रेरणादायक कृषक हैं। उनकी शैक्षणिक योग्यता भले ही प्राथमिक स्तर तक सीमित रही हो, लेकिन अपने अनुभव, लगन और मेहनत के बल पर उन्होंने कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। शुरुआत में श्रीमति मैना बाई पारंपरिक खेती करती थीं। वर्ष 2011-12 में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी मिलने पर उन्होंने नई दिशा में कदम बढ़ाया। प्रारंभ में उन्होंने मसाला एवं सब्जी उत्पादन के लिए केवल 0.250 हेक्टेयर भूमि में खेती शुरू की। जब उन्होंने पारंपरिक फसलों की तुलना में सब्जियों से अधिक उत्पादन और आय देखी, तो उन्होंने साहसिक निर्णय लेते हुए अपनी पूरी 1.011 हेक्टेयर भूमि में सब्जी उत्पादन प्रारंभ कर दिया। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला। वर्ष 2024-25 में जिला खनिज न्यास के सहयोग से उनके खेत में सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप) प्रणाली स्थापित की गई। इसके साथ ही सब्जी उत्पादन को और उन्नत बनाने हेतु मल्चिंग शीट और शेडनेट की सुविधा भी प्रदान की गई।

### आधुनिक तकनीकों से लागत में कमी

वर्तमान वर्ष 2025-26 में उन्होंने जनवरी एवं फरवरी माह में करेला, बैंगन एवं टमाटर की खेती की। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उनकी खेती की लागत में कमी आई और उत्पादन में वृद्धि हुई। जहां उनकी कुल लागत लगभग 1.25 लाख रुपए रही, वहीं अनुमानित आय लगभग 3.00 लाख रुपए तक पहुंच गई। आज श्रीमति मैना बाई अपने क्षेत्र में एक सफल उद्यानिकी महिला कृषक के रूप में जानी जाती हैं। उनकी सफलता न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उनका यह प्रयास दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन, आधुनिक तकनीक और मेहनत के बल पर कोई भी किसान उन्नति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 13 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन जिला राजनांदगांव का मासिक बैठक 13 अप्रैल को नियत है। यह एक ऐसा संगठन है। जिसकी नींव 2007 में रखी गई। जिसका उद्देश्य त्याग, तपस्या और बलिदान रहा है। पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजीयन क्रमांक 1844 के संस्थापकगण मरहूम डॉ. केबी गाजी एवं स्वर्गीय डीएन साहू ने शासकीय सेवा उपरांत सेवानिवृत्ति कर्मचारियों, अधिकारियों की पीड़ा को प्रत्यक्ष देखा एवं सहा है। संगठन के संस्थापकगण के सम्मान में यह कार्यक्रम रखा गया है, जहां पर उनकी कर्तव्य निष्ठा, त्याग, तपस्या एवं उद्देश्य की पूर्ति में योगदान के लिए संगठन कृतज्ञता प्रकट करेगा। इस अवसर पर दोनों संस्थापकगण के परिवार को भी आमंत्रित किया गया है।

### देवरी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में उमड़ रही भीड़

# राग से नहीं, अनुराग से मिलते हैं भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के देवरी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आचार्य नरेंद्रनयन शास्त्री उर्फ चाय वाले बाबा के मुखराविंद से अमृत वचनों का श्रवण करने और दिव्य दरबार में उपस्थिति देने बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

कथा के पहले दिन आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने भक्ति को लेकर मीराबाई का उदाहरण देते हुए कहा कि वैराग्य होने के बाद मीराबाई का मन, हृदय, आत्मा सदैव भगवत भक्ति, भजन और साधु-संतों की संगत और सेवा में ही लगा रहता था। इसी बीच एक दिन देर रात तक भजन चला, ब्रम्हकाल में मीरा को भजन कीर्तन के साथ ही समाधि लग गई, तब साधु संत मीराबाई को अपने अगले पड़ाव का पता लिख छोड़कर गए और जाते जाते दीवार पर भी लिख दिया कि मीरा थोड़ा राग से भजन गाया करो।

मीराबाई बिना विचलित हुए उस राग के आगे अनु जोड़कर आगे बढ़ गईं, जिसके बाद वह राग अब अनुराग बन गया। सार यही है कि आप कितने ही सुरताल,



वाद्ययंत्र, संगतकारो के साथ भजन करते रहो परन्तु यदि आपके हृदय मे प्रभु के प्रति अनुराग नही है तो आपके कभी कल्याण नही होने वाला है और सदियों से हर धर्म, संप्रदाय, के गुरूओं ने यही किया है कि अपने अपने शिष्यों के हृदय मे प्रभु भक्ति के प्रति अनुराग पैदा करने की कोशिश की है फिर चाहे भजन कितना ही कर्कश आवाज मे किया जाए कोई अंतर नही पडने वाला है।

### दिव्य दरबार में उमड़ रहे लोग

श्रीमद्भागवत कथा पंडाल में सैकडों श्रद्धालुओं सेवकों व सनातनियों के मध्य आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री ने प्रभु कृपा प्राप्ति मार्ग को परिभाषित करते हुए बताया कि पहले भजन सिर्फ भगवान को समर्पित हुआ करता था, तब उसमे अनुराग हुआ करता था, प्रेम होता था, प्रेम में त्याग ही त्याग होता था पाना कुछ नही था तब जब चाहो भगवान मिला करते थे। मीराबाई, सूरदास, कबीरदास, संत ज्ञानेश्वर, तुलसीदास, रैदास, रसखान ये सभी भक्तिकाल के वो उदाहरण है जिनके राग नही मन का अनुराग उन्हे प्रभु के निकट ले आया था लेकिन आज शानदार पंडाल, माईक, भजन की टुकडियां, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, है जबकि सबसे महत्वपूर्ण राग है, यहां बहुतो के प्रति राग भी नही होता है केवल जलनखोरी होती है बाद मे जब कर्म का वही प्रतिफल आपके दुखो का कारण बनता है इसलिए हमे जीवन का हर कार्य हर कर्म प्रभु का काम समझकर करना चाहिए। तब हृदय मे त्याग और प्रेम का जागरण होगा फिर यदि प्रभु ने चाहा तो वही अनुराग बनेगा और जहां भगवान के प्रति अनुराग हो तो भगवान शबरी के बेर खाने भक्त को खोजते हुए वन तक आते है। गौरतलब है कि आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री चाय वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध है केवल चावल देखकर अपने ज्ञान से सटीक गणना बताते है। कथा स्थल पर रोज सुबह 9 से 12 बजे तक उनका दरबार लगता है जहॉ बड़ी संख्या में लोग एक मुट्ठी चावल लेकर अपनी समस्याओं, परेशानियो से निजात मिलने की उम्मीद लेकर पहुंच रहे है। खास बात यह भी है कि चाय वाले बाबा भागवत कथा का सारा चढ़ावा गरीब बेटियों को दान कर देते है।

# गौशाला को असामाजिक तत्व पहुंचा रहे नुकसान, चोरी की वारदात भी

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार के ग्रामीण मुख्यमंत्री गौधाम गौशाला योजना से प्रेरित होकर गौशाला का संचालन कर रहे हैं। बीते एक सप्ताह से असमाजिक तत्वों द्वारा गौशाला को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शुक्रवार रात को कुछ सामानों की चोरी होने की जानकारी मिली है। शनिवार को समिति के सदस्यों ने गंड़ई थाना में शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी अनुसार चकनार के भाटापारा में ग्रामीण लाखों रूपये खर्च कर गौशाला का संचालन कर रहें हैं ताकि आवारा मवेशियों का संरक्षण तथा फसलों को नुकसान होने से बचाया जा सके। इस गौशाला में सौ से भी अधिक मवेशियों की देखभाल किया जा रहा है। बीते सप्ताह कुछ उपद्रवी ने गौशाला का घेरा काट कर मवेशीयों को भगा दिया था। ग्रामीणों को इसकी जानकारी होने के बाद तत्काल घेराबंदी कर मवेशीयों को वापस गौशाला लाया गया।



### तार आदि की चोरी

समिति के सदस्यों ने बताया शुक्रवार रात को भी असमाजिक तत्वों ने गौशाला के तार को काट कर ले गए। इसके अलावा गौशाला में रखा आधा दर्जन से अधिक सीमेंट की भरी बोरी, रापा, कुदाली, गैंती सहित अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुओं को चोरी कर ले गए हैं। यह गौशाला ग्रामीणों के सामुहिक प्रयास से खोला गया है जिसके संचालन में सभी ग्रामीण अपना योगदान दे रहे हैं। ऐसे में बीते हफ्ते भर से गौशाला में हो रही घटना से सभी भौचक है। ग्रामीण भी लामबंद होकर उपद्रवी की तलाश अपने स्तर पर कर रहे है। गंड़ई पुलिस भी मामले को गंभीरता से लेकर पतासाजी कर रही है।

## खबर संक्षेप



### एनबीआईएस बोरी में रेन डे आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में नवीन शिक्षा सत्र में शाला प्रारंभ होने के पश्चात गर्मी के वातावरण से बच्चों को राहत दिलाने रेन-डे का आयोजन किया गया। रेन-डे कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। कक्षावार आयोजित इस म्युजिकल रेन-डे को छात्रों ने बखूबी पसंद किया। सुमधुर गीत-संगीत में छात्रों ने अपनी नृत्य शैली का परिचय भी दिया। कक्षा नर्सरी से चौंथी तक के छात्रों के लिए विशेष रूप से शाला में कृत्रिम शॉवर एवं मिनी स्वीमिंग पुल का निर्माण किया गया था। जिसमें बच्चों की उत्सुकता देखते बनती थी। इसी कड़ी में कक्षा पांचवी से आठवीं तक के बच्चों को वॉटर पार्क ले जाया गया, जहां छात्रों ने पानी का खूब आनंद उठाया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का मानना है कि बच्चों के विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियां समय-समय पर शाला में आवश्यक है, ताकि बच्चों को मनोरंजन के साथ ही नैतिक ज्ञान भी प्राप्त हो। रेन-डे के आयोजन में शाला परिवार के सदस्यों की सहभागिता रही।

### तकनीकी सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश पाण्डेय की उपस्थिति में जनगणना 2027 की तैयारी के अंतर्गत तकनीकी सहायकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में तकनीकी सहायकों को जनगणना 2027 के लिए आवश्यक सभी तकनीकी प्रक्रियाओं, डिजिटल मॉड्यूल, डेटा प्रविष्टि, सत्यापन पद्धति तथा फील्ड में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अपर कलेक्टर ने कहा कि जनगणना देश की योजना निर्माण प्रक्रिया की आधारशिला है, इसलिए सभी तकनीकी सहायकों को यह कार्य अत्यंत गंभीरता और तत्परता से करना होगा। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को समयबद्ध और सटीक रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। जनगणना के प्रथम चरण के रूप में 1 मई से मकानों की गणना (हाउस लिस्टिंग) का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि जनगणना दल को सही जानकारी प्रदान करें और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहयोग दें। प्रशिक्षण का संचालन जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर दीपक ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## फर्जीवाड़े के मामले में अब तक दो दर्जन से अधिक किसान आए सामने

# किसानों के नाम पर खेला, डोकराभाठा समिति में केसीसी लोन में भारी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कहते हैं किसान अन्नदाता होता है, लेकिन ब्लॉक के डोकराभाठा सेवा सहकारी समिति में तो अन्नदाता ही डेटा बनता नजर आ रहा है वो भी ऐसे आंकड़ों में जिनका हिसाब खुद किसानों को समझ नहीं आ रहा। मामला केसीसी लोन में कथित फर्जीवाड़े का है, जहां अब तक दो दर्जन से ज्यादा किसान सामने आ चुके हैं। उनका आरोप है कि उनके नाम पर लोन और खाद का ऐसा हिसाब बनाया गया है, जिसे देखकर लगता है जैसे खेत में नहीं, सीधे कागजों में फसल उगाई जा रही हो।

कुछ किसानों ने बताया कि उन्होंने दो बोरी खाद ली, लेकिन रिकॉर्ड में दस बोरी चढ़ गई। वहीं 25 हजार रुपए का लोन लेने वाले किसान के खाते में हिसाब कुछ और ही कहानी सुना रहा है। परेशान किसानों ने एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शिकायत की जिसके बाद जांच टीम भी पहुंची लेकिन यहां कहानी में नया ट्विस्ट आ गया जांच के दौरान ही कुछ कर्मचारियों पर किसानों से बदतमीजी करने के आरोप लग गए। यानी समस्या अलग, व्यवहार अलग और जैसे ही यह खबर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास तक पहुंची, वे मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने साफ कहा कि अन्नदाताओं के साथ दुर्व्यवहार किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। देवराज किशोर दास ने संकेत दिया कि अगर एक सोसायटी में यह हाल है, तो बाकी जगहों पर भी कुछ खास चल रहा होगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि यदि उनके साथ भी ऐसा कुछ हुआ है, तो खुलकर सामने आएं।



### अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते

केसीसी लोन मे गड़बड़ी के अलावा किसानों ने आरोप लगाया कि सोसायटी के जिम्मेदार अधिकारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते जिससे उन्हें बार-बार चक्कर काटना पड़ता हैं। खेती के अहम समय में यह लापरवाही किसानों के लिए और परेशानी बढ़ा रही है। डोकराभाठा सोसायटी पहले भी विवादों में रह चुकी है। इस बार प्रभार बदलने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि हालत सुधरेंगी लेकिन बदलाव हुआ सिर्फ नाम खेल वही पुराना जारी है अन्य समितियों में लंबित मामलों की तरह क्या यह मामला भी फाइलों में ही सेटल हो जाएगा यह तो आने वाला वक्त बताएगा लेकिन लोन गड़बड़ी के नाम पर छले किसानों की समस्या कब दूर होगी। पता चला है कि बीते साल समिति के पंजीकृत 17 सौ उपर से किसानो को एक बोरी खाद भी समिति के मार्फत नही मिला था। मामले में तत्कालीन प्रबंधक विवेक मिश्रा निलंबित हो गए है लेकिन उसके पहले रबी और खरीफ फसल को लेकर समिति को मिला खाद भी किसानों को परमिट कटने के बाद भी नही मिला जबकि उनके केसीसी लोन मे खाद के नामे कर्ज दिख रहा है।

### लिखित में दी जानकारी

किसानो की समस्या की जानकारी होने के बाद मेरे द्वारा उच्च अधिकारियों को लिखित में बताया गया। प्रभार नही मिलने के कारण विषय से संबंधित पूरी जानकारी नही दे सकता। - **जगमोहन जोशी,** प्रभारी समिति प्रबंधक

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, प्रेक्षक ने ली समीक्षा बैठक

## दावा आपत्ति लिए जाने के संबंध में निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयारी व पुनरीक्षण कार्य को लेकर नियुक्त प्रेक्षक प्रेम प्रकाश शर्मा ने जिला निर्वाचन कार्यालय में समीक्षा बैठक ली।

त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव 26 अंतर्गत जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचक नामावली तैयार करने और जिले के चार ग्राम पंचायतों में रिक्त 4 पंच पदों के निर्वाचन को लेकर संबंधित ग्राम पंचायतों के निर्वाचक नामावली के तैयारी के संबंध में उन्होंने समीक्षा की साथ ही निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति लिए जाने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में रजिस्ट्रीकरण व अनुविभागीय अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व प्रभारी तहसीलदार पूजा पींचा, सतीश देशलहरा व मास्टरट्रेनर्स मनसुखलाल वर्मा सहित निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण को लेकर चयनित प्राधिकृत कर्मचारी व अन्य उपस्थित थे।

गौरतलब है कि जनपद अंतर्गत ग्रापं अमलीडीहकला वार्ड नं. 17, दिलीपपुर वार्ड नं 10, टेकापार वार्ड नं 03 और छुईखदान जनपद अंतर्गत ग्रापं पैलीमेटा वार्ड नं. 11 में पंच का पद रिक्त होने से उक्त पंचायतों में उपनिर्वाचन होना है जिसमें मतदाता सूची प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को और 20 अप्रैल तक दावा आपत्ति लिया जाना है।

# मैरिज ब्यूरो से जुडे तीन और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मैरिज ब्यूरो के नाम से धोखाधड़ी किए जाने के मामले की जांच करते पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत सृष्टि कॉलोनी राजनांदगांव में "लव लाईफ रिश्ते मैरिज ब्यूरो" के नाम से कार्यालय संचालित कर युवकों से ठगी की जा रही है। प्रारंभिक जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन द्वारा की गई। जांच में अपराध पाए जाने पर थाना बसंतपुर में संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पूर्व में उक्त कंपनी की संचालक आरोपिया 23 वर्ष निवासी लेबर कॉलोनी तथा डायरेक्टर धर्मेन्द्र मानिकपुरी 32 वर्ष निवासी ग्राम जंगलपुर थाना पांडातराई जिला कबीरधाम हाल मुकाम रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है।

### दो कबीरधाम से व एक शहर से पकड़ा गया

प्रकरण में अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी जिला कबीरधाम में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर तत्काल टीम गठित कर जिला कबीरधाम रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी ताम्रध्वज मानिकपुरी एवं सियाराम साहू को जिला कबीरधाम से तथा एक आरोपिया को राजनांदगांव से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपराध करना स्वीकार किया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

तत्पश्चात आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक देवदास भारती, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक कुश बघेल, भुनेश्वर जायसी, संतोषी मानिकपुरी एवं उषा गिरी की सराहनीय भूमिका रही।

# एडवेंचर शिविर से लौटे जिले के स्काउट गाइड



**खैरागढ़।** भारत स्काउट्स व गाइड्स छग के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तिगत व आपदा प्रबंधन शिविर राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी मप्र में आयोजित हुआ जसिमे जिसमें डीईओ व पदेन जिला आयुक्त स्काउट मुकुल साव के मार्गदर्शन में जिले विभिन्न विद्यालयों से 21 स्काउट, 15 गाइड, 2 स्काउटर 2 गाइडर सहित कुल 40 सदस्यीय दल साहसिक गतिविधि में शामिल हुए।

पांच दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियो के अलावा राजेंद्र गिरी, मांडव गुफा, जटाशंकर गुफा मंदिर, बी फॉल का ट्रैकिंग कराया गया। साहसिक गतिविधि में आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारी जिसके माध्यम से बाढ़, भूकंप, आगजनी, जैसे दुर्घटना से निपटने के प्रायोगिक प्रदर्शन कर सिखाया गया। राक क्लाइंबिंग, रॉक रैपलिंग, बोटिंग, मंकी ब्रिज, बैलेंसिंग, जिप लाइन, स्काई साइक्लिंग, विली क्रॉसिंग, रसियन वॉल, तीरंदाजी, घुड़सवारी, रायफल शूटिंग जैसी साहसिक गतिविधि कराया गया जिसमे बच्चो ने उत्साह से भाग लिया। प्रत्येक दिवस के रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था जिसमें छत्तीसगढ़ के अन्य जिले व अन्य राज्य से आए प्रतिभागियों के साथ संस्कृति, वेशभूषा, बोली भाषा का भी आदान प्रदान हुआ। शिविर मे दल प्रभारी भूषण लाल वर्मा, पायल सिंह राजपूत, एस्टर रॉबिंसन, हेमलाल वर्मा के नेतृत्व में 36 स्काउट गाइड ने पचमढ़ी में साहसिक गतिविधि कर सकुशल वापस लौटे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ के सभी स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

# महापौर ने जीर्णोद्धार व रोड निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में चल रहे विकास कार्य निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह, समेत सावन वर्मा, संदीप बघेल, कुलेश्वर ध्रुव, मुकेश ध्रुव तथा निगम के तकनीकी अधिकारियों के साथ यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य एवं मेडिकल कॉलेज रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

महापौर श्री यादव उद्यान निर्माण कार्य देख कहा कि उद्यान में सभी आवश्यक सुविधाओं का समावेश हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यातायात नगर पुराना होने के साथ-साथ जर्जर स्थिति में आ गया है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। शासन ने बजट प्रावधान किया और नगरीय प्रशासन विभाग की स्वीकृति अनुसार यातायात नगर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। जिसके तहत रोड, नाली, पार्किंग स्थल मरम्मत कर डामरीकरण किया जाएगा तथा स्ट्रीट लाईट मरम्मत कर हॉईमास्क लाईट लगाई जाएगी। सामुदायिक भवन, शौचालय की सुविधा के अलावा पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

महापौर ने कहा कि प्रवेश द्वार के आगमन एवं निर्गमन में गार्ड रूप का निर्माण कराना है। जल भराव स्थल का भरान कर पेवर ब्लाक लगाना है। डिवाईडर एवं रोड साईड रंगाई पोताई करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप यातायात नगर को दुरूस्त कर विकसित करना है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने कहा।



### निर्माण में लाएं गति

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि यातायात नगर जीर्णोद्धार कार्य में सभी कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाए। निर्माण में गति लाकर गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग कर प्रतिमाह समीक्षा करें और उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें।

### पानी की पर्याप्त तराई कराएं

आयुक्त ने कहा कि नाली एवं डिवाईटर निर्माण में पानी की पर्याप्त तराई कराएं, नाली में पानी का बहाव सुचारू हो इसका विशेष ध्यान रखे, डामरीकरण के समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता (संविदा) यूके रामटेके, प्र.सहायक अभियंता सुषमा साहू, उप अभियंता तिलक राज ध्रुव सहित ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।

### कार्य में श्रमिक बढ़ाएं

मेडिकल कॉलेज सड़क निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाने श्रमिक बढ़ाएं, समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो जाए, इसके आधार पर कार्य करें तथा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य का भी शासन बजट में स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसके तहत रोड डामरीकरण कर दोनों ओर नाली का निर्माण किया जाना है तथा डिवाईडर निर्माण कर सेंटर लाईट भी लगाना है। रोड निर्माण हो जाने से मरीजों तथा कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखकर इसका निर्माण तय सीमा में किया जाए।

### झेरिया यादव समाज का चुनाव 12 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रांतीय अध्यक्ष और प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव 12 अप्रैल को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थापित प्रदेश के विभिन्न मतदान केन्द्रों में संपन्न होगा। राजनांदगांव महानगर इकाई के मतदाताओं के लिए दीनदयाल नगर चिखली स्थित सामाजिक भवन में मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां महानगर क्षेत्र के मतदाता रविवार को सुबह 10 से 3 तक मतदान कर सकेंगे। मतदान के आधे घंटे के पश्चात मतों की गणना की जाएगी। चुनाव के सुचारू संचालन के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा महानगर क्षेत्र के लिए गरीबाराम यादव को जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पूनाराम यादव को सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मतदान दल का गठन भी किया गया है। जिसमें पीठासीन अधिकारी मनोज यादव सहित तीन मतदान अधिकारी अमन यादव, राजेश यादव और मुरली यादव शामिल किए गए हैं।




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय : दुर्गा चौक, राजनांदगांव, मो. 7489534456
ब्यूरो कार्यालय : एकता चौक, कवर्धा मो. 9893605300, 8889139071


## कलेक्टर ने अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालयों का किया निरीक्षण

# प्राथमिकता के साथ करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने गुरूवार को मानपुर विकासखंड के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वे अनुविभागीय कार्यालय मानपुर पहुंची, जहां उन्होंने राजस्व प्रकरणों, भू-अर्जन से प्रभावित कृषकों को मुआवजा वितरण, सीमांकन, पेड़ कटाई के पश्चात स्थल चयन एवं पौधरोपण की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैठक पंजी संधारित करने तथा बेहतर कार्य निष्पादन हेतु कर्मचारियों के बीच कार्य विभाजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, सीएमएचओ एसआर मांडवी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

मौके पर कलेक्टर ने खाद्य शाखा का निरीक्षण किया और खाद्य निरीक्षक से भंडारण एवं चावल उत्सव के संबंध में जानकारी ली। संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा पीडीएस दुकानों से नियमित रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए, जिससे खाद्य भंडारण की सटीक स्थिति की जानकारी मिल सके।



इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती प्रजापति तहसील कार्यालय मानपुर एवं खड़गांव पहुंचीं। मानपुर तहसील कार्यालय में निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएससी सेंटर में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली और नागरिकों को आधार अपडेट एवं सुधार संबंधी सुविधाओं के प्रति जागरूक की। निर्वाचन शाखा में साफ-सफाई के अभाव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी कक्षों में कक्ष संख्या एवं शाखा का नाम प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व प्रकरणों की अद्यतन जानकारी लेते हुए समय-सीमा में निराकरण, लेखा पंजी संधारण तथा दौरा रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को नियमित रूप से अद्यतन करने के निर्देश दिए। रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित रखने एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कार्यालय परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नोटरी स्थल पर शेड की समुचित व्यवस्था एवं शौचालय निर्माण के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। खड़गांव तहसील में निरीक्षण के दौरान उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन सहित अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली तथा कार्यों के बेहतर निष्पादन एवं ई-ऑफिस के उपयोग को बढ़ाने के निर्देश दिए।

### मोबाइल एम्बुलेंस लंबे समय से खराब

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गांव पहुंचीं। यहां उन्होंने उपचार हेतु आई गर्भवती महिला से चर्चा की। महिला ने बताया कि वह प्रारंभिक जांच के लिए केंद्र आई है। इस पर कलेक्टर ने समय पर जांच कराने एवं उचित खान-पान बनाए रखने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान बाइक एम्बुलेंस लंबे समय से खराब पाई गई, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पूर्व में अनुपस्थित फार्मासिस्ट को फटकार लगाते हुए दवाइयों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए और भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। मौके पर उन्होंने वीसी कक्ष के स्थानांतरण के भी निर्देश दिए।

### अनुपस्थित डॉक्टर पर कार्रवाई के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रजापति पशु चिकित्सालय खड़गांव भी पहुंचीं। यहां उन्होंने उपलब्ध दवाइयों की जानकारी ली तथा उपस्थिति पंजी, एआई रजिस्टर एवं ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों द्वारा वैक्सीनेशन एवं औषधि वितरण की जानकारी दी गई। लंबे समय से डॉक्टर की अनुपस्थिति पाए जाने पर कलेक्टर ने उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## सार समाचार

### सिंधी भाषा दिवस पर हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी में सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक लोगों की उपस्थिति में 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के अवसर पर बच्चों और महिलाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी, अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज, वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, रूपचंद भीमनानी, अर्जुनदास गंगवानी, गुरमुख दास वाधवा व राजा माखीजा द्वारा भगवान झूलेलाल, कुलदेवी हिंगलाज माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन रमेश गंगवानी, रिया अंबानी, काव्य देवयानी, तुलसी वाधवानी द्वारा किया गया। समाज के अध्यक्ष रमेश गंगवानी और समाज के शंकर ज्ञानचंदानी, घनश्याम गंगवानी, परमेश्वर वासवानी, ओमप्रकाश डोडवानी, सुरेश कटियारा, पंकज गंगवानी, लक्की रुपवानी, जीतू वाधवानी और अन्य लोगों के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।



### रोबोटिक्स कक्षाओं की शुरूआत

**राजनांदगांव।** पेंड्री स्थित नीरज पब्लिक स्कूल में इस शैक्षणिक सत्र से एक नई और आधुनिक पहल की शुरूआत की जा रही है। अब विद्यालय में कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए रोबोटिक्स कक्षाएं प्रारंभ की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को तकनीकी ज्ञान से जोड़ना और उन्हें भविष्य की उन्नत तकनीकों के लिए तैयार करना है।

रोबोटिक्स कक्षाओं के माध्यम से छात्र-छात्राएं विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई-नई जानकारियां प्राप्त करेंगे तथा प्रायोगिक रूप से सीखने का अवसर पाएंगे। इससे उनकी रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता और तार्किक सोच का विकास होगा। यह पहल भारत सरकार की नई शिक्षा नीति के अनुरूप है। जिसमें विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही स्किल-आधारित और प्रायोगिक शिक्षा देने पर विशेष जोर दिया गया है। एनईपी-2020 का उद्देश्य शिक्षा को अधिक रचनात्मक, लचीला और भविष्य उन्मुख बनाना है। जिससे विद्यार्थी बदलती दुनिया की चुनौतियों का सामना करने तैयार हो सके। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार की आधुनिक शिक्षा बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह नई शुरूआत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### सुगमता से मिल रही पासपोर्ट संबंधी सेवाएं

**राजनांदगांव।** डाक विभाग राजनांदगांव संभाग द्वारा प्रधान डाकघर राजनांदगांव में संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों को सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पासपोर्ट संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही है। पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र में नागरिकों के लिए पासपोर्ट आवेदन स्वीकार करना, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित समय पर पूर्ण की जा रही है। जिससे नागरिकों को दूरस्थ स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही पासपोर्ट संबंधी सुविधा प्राप्त हो रही है। सभी नागरिक प्रधान डाकघर राजनांदगांव में संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र के माध्यम से प्रदान की जा रही पासपोर्ट संबंधी सेवाओं का निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते लाभ ले सकते हैं।

### भवन निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम बम्हनी चारभांठा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### मौखिक कैंसर जागरूकता माह का आयोजन

**राजनांदगांव।** कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव द्वारा विश्व पार्किंसन दिवस एवं मौखिक कैंसर जागरूकता माह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग डॉ. अंशुल शर्मा, दंत चिकित्सक सीआरसी राजनांदगांव डॉ. जय टैंक, सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग डॉ. सूरज मुल्तानी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, लाभार्थियों एवं जनसामान्य को पार्किसन रोग एवं मौखिक कैंसर की शीघ्र पहचान तथा इसके निवारक एवं स्वास्थ्य उपायों के बारे में बताया गया। इस दौरान दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों की मौखिक जांच एवं कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की स्क्रीनिंग की गई। छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट से विषय विशेषज्ञ डॉ. श्रुति सराफ ने तंबाकू सेवन, खराब मौखिक स्वच्छता एवं अस्वस्थ जीवनशैली जैसे जोखिम कारकों के बारे में जानकारी दी तथा उनसे बचाव के उपाय बताए।

### प्यारेलाल स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**राजनांदगांव।** स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह न.पा.नि.उ.मा. विद्यालय का परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26 का प्राचार्य आरएस बघेल द्वारा सुबह 9 बजे घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 9वी की छात्रा नंदनी मानिकपुरी 78.03 प्रतिशत प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में प्रथम तथा कक्षा 9वीं की खिलेश्वरी सिन्हा 75.16 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही है। कक्षा 9वी में कुल छात्र 57, परीक्षा में प्रविष्ट 52, प्रथम श्रेणी 06, द्वितीय श्रेणी 16, तृतीय श्रेणी 07 एवं उत्तीर्ण का प्रतिशत 55.07 रहा।

इसी तरह कक्षा 11वीं कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में कुल विद्यार्थी 83, परीक्षा में प्रविष्ट 79, उत्तीर्ण 65, प्रथम श्रेणी 13, द्वितीय श्रेणी 39, तृतीय श्रेणी 13 व उत्तीर्ण का प्रतिशत 82.27 रहा। कक्षा 9वीं में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान नंदनी ने 600 अंक में से 470 अंक प्राप्त किए। इस तरह 78.03 प्रतिशत, द्वितीय खिलेश्वरी ने 600 में से 451 अंक अर्जित कर 75.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 11वीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान में गणित संकाय में प्रथम मुस्कान ने 500 में से 373 अंक लेकर 74.06 प्रतिशत एवं गणित संकाय में ही द्वितीय स्थान प्रेरणा ने 500 में से 365 अंक लेकर 72 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य आरएस बघेल, परीक्षा प्रभारी प्रकाश यादव, वरिष्ठ अध्यापक एसके भालाधरे, एनपी दुबे, आरके कुशवाहा, एन. बघेल, हेमंत सोनवानी, सुमती बक्सी, के. निशा, अल्का पाल, सरोज गोरे एवं विद्यालय के अन्य अध्यापकों ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी। उक्त जानकारी प्राचार्य आरएस बघेल एवं पीआरओ एसके भालाधरे ने दी।

### पंचायतों में रोजगार व आवास दिवस का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ते रोजगार उपलब्धता, आवास निर्माण की प्रगति एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने जिले के सभी ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। आयोजन के पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से संबंधित सभी लंबित विषयों एवं समस्याओं का ग्राम पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

# गर्मी की छुट्टी में योग और खेल के साथ स्कूलों में होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा विभाग के प्राचार्यों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में शीघ्र ही निःशुल्क कोचिंग सेंटर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध शासकीय भवनों एवं हॉल का उपयोग कर शीघ्र निःशुल्क कोचिंग की शुरूआत सुनिश्चित की जाए। इसके लिए आवश्यक फर्नीचर, ब्लैक बोर्ड, पुस्तकें एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था करने तथा योग्य शिक्षकों की सेवाएं निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कार्यरत अनुभवी शिक्षकों को जोड़ते ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से पढ़ाई संचालित की जाए।

#### विद्यार्थियो को एआई की मिलेगी ट्रेनिंग

कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्कूली विद्यार्थियों के लिए समर कैंप आयोजित किए जाएं। समर कैंप में पढ़ाई के साथ-साथ योग, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों को शामिल करने कहा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, चैट जीपीटी एआई का उपयोग, बैंकिंग प्रक्रिया, पुलिस स्टेशन, अस्पताल, पोस्ट ऑफिस एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की जानकारी देने हेतु शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाए, ताकि उनका व्यावहारिक ज्ञान बढ़ सके।




**प्राचार्यो को दिए निर्देशः कलेक्टर ने प्राचार्यो को इस आशय के निर्देश दिए। इस दौरान** सीईओ सुरूचि सिंह, डीईओ प्रवास सिंह बघेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य उपस्थित थे।

#### बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का होगा सम्मान

कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते शिक्षा क्षेत्र में नवाचार एवं गुणवत्ता सुधार के लिए सतत प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं प्राचार्यों की पहचान कर उन्हें नियमित रूप से प्रोत्साहित करें। प्रत्येक माह बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की व्यवस्था करें। जिससे अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिले। उन्होंने विद्यालयों के परिणाम सुधार के लिए सतत मॉनिटरिंग, डेटा विश्लेषण एवं समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए।

## मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर दिया धरना

# मजदूर की मौत, परिजन ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर से लगे ग्राम कोपेडीह स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। लगभग माहभर पहले हुए इस मामले को लेकर मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों ने संबंधित प्रबंधन से मुआवजा सहित अन्य मार्गों को लेकर गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शनिवार को देर शाम तक जारी रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोपेडीह में स्थित एक फैक्ट्री में काम करने वाला एक मजदूर का लगभग माहभर पहले स्वास्थ्य खराब होने पर उपचार हेतु दुर्ग चिकित्सालय में भर्ती किया गया था। बताया गया कि अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृत मजदूर का नाम अवधेश चौधरी बताया गया है।



#### झारखंड का रहने वाला था मजदूर

मिली जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर पड़ोसी राज्य झारखंड का रहने वाला था। वह मजदूरी के काम से ही कल्याणी इस्पात में आया था। यहां बीमार होने के बाद उसे उपचार के लिए भिलाई स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

#### देर शाम तक चला प्रदर्शन

बताया गया कि पुलिस के अधिकारी व संबंधित ठेकेदार की ओर से प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईश देने का प्रयास किया गया, लेकिन वे किसी बात को मनाने को तैयार नहीं थे। देर रात तक प्रदर्शन पश्चात आज सुबह से पुनः प्रदर्शन किया जाता रहा, जो देर शाम तक जारी है। इस दौरान मजदूर, ग्रामीण एवं कुछ ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाईश देने का प्रयास किया जाता रहा।

#### मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर धरना

इस मामले को लेकर बीती शाम मृतक के परिजन एवं ग्राम अंजोरा व कोपेडीह के कुछ ग्रामीण मजदूर व गांव के जनप्रतिनिधियों ने मृत मजदूर के परिजनों को उचित मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर उक्त फैक्ट्री के पास एकत्र होकर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस घटनाक्रम की जानकारी होने पर मौके पर पुलिस भी पहुंची।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस ने लिया जायजा



**खैरागढ़।** जिले के सभी बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस ने जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा कर बैंक प्रबंधन एवं स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला केसीजी में पुलिस द्वारा 10 अप्रैल को जिले के सभी बैंकों में क्रमवार सुरक्षा एवं निगरानी चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न बैंक शाखाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की विस्तृत समीक्षा की तथा बैंक प्रबंधन एवं स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

#### सुरक्षा उपायों के प्रति करें जागरूक

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा एटीएम उपयोग से संबंधित सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।बैंक स्टाफ को निर्देशित किया गया कि वे ग्राहकों को एटीएम उपयोग के दौरान सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करें। जिला पुलिस द्वारा बताया गया कि यह अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य बैंक सुरक्षा को मजबूत बनाना, आपराधिक घटनाओं की रोकथाम करना एवं नागरिकों को सुरक्षित बैंकिंग वातावरण प्रदान करना है।

#### प्रोटोकाल का करें पालन

बताया गया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक बैंक में सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया।बैंकों को निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की गई। बैंक अधिकारियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि, लेनदेन या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया।बैंक कर्मचारियों को बताया गया कि पुलिस के साथ समन्वय से अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

# लोहे की छड़ चोरी, पुलिस ने किया तीन आरोपियों को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निर्माणाधीन साइड से लोहे का छड़ चोरी के मामले की जांच करते पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना सिटी कोतवाली को प्रार्थी राजकुमार सांखला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 9 अप्रैल की सुबह उनकी निर्माणाधीन साइट सनसिटी कॉलोनी से लगभग 70,000 रुपए मूल्य की 10 एमएम की 14-15 बंडल लोहे की छड़ें अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। मामले की गंभीरता को देखते सिटी कोतवाली पुलिस टीम ने विवेचना शुरू की।



#### लोहे की छड़ बरामद

विवेचना के दौरान संदेहियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया और उनके निशानदेही पर मोहारा बायपास स्थित शराब भट्ठी के पास से चोरी की गई लोहे की छड़ें बरामद कर जब्त की गई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अजय लसेल 21 वर्ष, करवा जयदेव उर्फ जयदीप 24 वर्ष, प्रथम हरिहारणों 22 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# रूद्राक्षम इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रुद्राक्षम इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन का उद्घाटन शनिवार को सांसद संतोष पांडे के करकमलों से संपन्न हुआ। सांसद श्री पांडे ने कहा कि राजनांदगांव में "रुद्राक्षम्" एक ऐसा नाम है, जिस पर पूरा शहर विश्वास करता है। उन्होंने इस पहल को एक नए सोपान, मजबूत नींव और उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत बताते कहा कि यहां से निकलने वाले विद्यार्थी क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते समाजसेवी रेखा संतोष पांडे ने कहा कि स्कूल जाना केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह जीवन और करियर को बेहतर बनाने वाला अनुभव होना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि रुद्राक्षम इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन में छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ एक संतुलित और शानदार जीवनशैली का प्रशिक्षण मिलेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि इस विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र एक मिलनसार और जीवंत शैक्षणिक समुदाय का हिस्सा बनेंगे, जो उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वरिष्ठ पार्षद सुनील कन्हैया साहू ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की सराहना करते कहा कि यह संस्थान विद्यार्थियों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए एक आदर्श मंच सिद्ध होगा। उद्घाटन समारोह में आशुतोष सिंग, देवेश वैष्णव, गेमू कुंजाम, प्राचार्य सरिता चौबे, शिक्षिका जान्हवी साहू, पूजा वासनिक, नम्रता ध्रुव, डॉली साहू सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं के पालकगण एवं क्षेत्र के नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




## स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए व्यापक तैयारी

# महापौर ने तालाब के पास साफ सफाई व फैंसिंग के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर नगर निगम अमला द्वारा व्यापक तैयारी कर साफ-सफाई में जोर दिया जा रहा है तथा जनमानस को स्वच्छता से जोड़ने, स्वच्छता अपनाने समझाईस दी जा रही है।

इसके लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में साफ-सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे हैं। सफाई निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव शनिवार सुबह चिखली व शांतिनगर का भ्रमण कर सफाई कर्मियों को सफाई के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। वहीं चिखली स्कूल मैदान में खिलाडियों से रूबरू होकर मैदान संधारण करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

वार्ड नं. 10 शांति नगर का महापौर श्री यादव ने सुनील साहू, शिव वर्मा, श्रुति जैन, लोकेश जैन के अलावा सुषमा साहू, अनुप पाण्डे, रोमाली शेंडे, राजेश मिश्रा, पवन कुर्रे तथा निगम अमला के साथ भ्रमण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वार्ड में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नालियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाएं। लोगों को सफाई से जोड़े, उन्हें अपने घर के आसपास सफाई रखने तथा कचरा स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दें।



#### एथलेटिक्स खेल के लिए करें मैदान तैयार

महापौर श्री यादव ने रमन बाजार की प्रतिदिन सफाई करने तथा डबरी तालाब के आसपास साफ-सफाई कर कटिली झाडियां काटने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से तालाब में फैसिंग करने तथा टो-वॉल मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार करने तकनीकी अधिकारी से कहा। चिखली स्कूल मैदान में खिलाडियों से मुलाकात कर एथलेटिक्स खेल के लिए मैदान तैयार करने तथा मंच को व्यवस्थित करने संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदान में खेल के लिए आवश्यक व्यवस्था के साथ-साथ साफ-सफाई करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार चिखली शासकीय प्रेस के पीछे मैदान की अच्छे से सफाई कर व्यवस्थित करने कहा। निरीक्षण के दौरान खिलाड़ी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# श्री सत्यनारायण मंदिर समिति की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने वर्ष 2026 से 2029 तक के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। समिति द्वारा जारी सूची में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद मंदिर समिति में उत्साह का माहौल है।

समिति की ओर से जारी सूची के अनुसार पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार लोहिया का मार्गदर्शन समिति को पूर्व की भांति मिलता रहेगा। उपाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार एवं राजेश शर्मा को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष का दायित्व सुरेश अग्रवाल को सौंपा गया है। जबकि सचिव पद पर सौरभ खंडेलवाल एवं सह-सचिव के रूप में रामअवतार जोशी को जिम्मेदारी दी गई है।

#### व्यवस्था एवं उत्सव प्रभारियों को मिली जिम्मेदारी

समिति ने मंदिर की व्यवस्थाओं एवं आयोजनों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अलग-अलग प्रभारियों की नियुक्ति की है। व्यवस्था प्रभारी के रूप में नितीश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एवं ओमप्रकाश शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उत्सव प्रभारी के रूप में लक्ष्मण लोहिया, श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल एवं विजय खंडेलवाल को नियुक्त किया गया है। समिति का मानना है कि इनकी देखरेख में धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम और अधिक व्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित होंगे।

#### कार्यकारिणी सदस्यों की भी घोषणा

समिति की कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में विष्णु प्रसाद लोहिया, संतोष सिंघल, नारायण अग्रवाल, नरेंद्र गोयल एवं जुगल किशोर अग्रवाल को शामिल किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने कहा कि मंदिर समिति आने वाले वर्षों में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सहयोग से समिति मंदिर परिसर के विकास, व्यवस्थाओं में सुधार एवं समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से समिति नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। मंदिर समिति द्वारा शीघ्र ही आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी जारी की जाएगी। समिति की नई कार्यकारिणी का गठन केवल पदों का वितरण नहीं, बल्कि समाज को संगठित करने और धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास है। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से मंदिर एवं समाज दोनों के विकास को नई दिशा मिलेगी।


SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS
Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar
FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
SMART CLASSROOM
ADMISSION OPEN 2026-27
SHAKUNTALA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai
0788 403 3217
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai
0788 2265810
SCHOOL FACILITIES
• Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
• Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
• Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
• Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
• State of the art AV room & Music room
• 24x7 Power Supply Via Genset
SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2
Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai
Class XI to XII
0788 2295357
SHARDA VIDYALAYA
Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai
KG-1 to VIII
0788 4033623
Shakuntala GURUKUL
Hostel
" घर से दूर.. एक घर "
Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
AC Hostel Room with attached Bathroom .
In-Class Coaching Facility for students.
Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
Dedicated Medical Facility.
883 998 2041
Ram Nagar, Bhilai
Deepak Advertisers

अनदेखी : प्रशासन से जांच कर नियमानुसार मुरूम डलवाने की मांग की

# मुरूम की जगह साइड शोल्डर में मिट्टी, सड़क की गुणवत्ता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी मार्ग पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के नवीनीकरण कार्य में साइड शोल्डर निर्माण को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। यह सड़क नई नहीं बल्कि पुराने मार्ग का नवीनीकरण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क किनारे जहां मुरूम डाला जाना चाहिए, वहां पीली चिकनी मिट्टी डाली जा रही है, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार साइड शोल्डर में मिट्टी डालने से बरसात के समय फिसलन बढ़ने की आशंका है। ऐसे में यदि कोई वाहन किनारे करता है तो दुर्घटना का खतरा बना रहेगा। कई स्थानों पर सड़क किनारे सही तरीके से भराव नहीं होने से उतार-चढ़ाव की स्थिति बन गई है, जिससे वाहन चालकों को साइड लेने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि शासन के निर्देशों के विपरीत कार्य होने से राहगीरों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से जांच कर नियमानुसार मुरूम डलवाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सड़कों के निर्माण व नवीनीकरण के लिए शासन द्वारा करोड़ों रुपये स्वीकृत किए जाते हैं, इसके बावजूद गुणवत्ता को लेकर सवाल उठना चिंताजनक है।

## जनप्रतिनिधियों ने जिम्मेदारों की निगरानी पर उठाए सवाल



ग्रामीणों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान नियमित निरीक्षण का अभाव नजर आता है। उनका कहना है कि यदि समय-समय पर स्थल निरीक्षण हो, तो ठेकेदारों पर गुणवत्ता बनाए रखने का दबाव बनेगा और कार्य मानकों के अनुरूप होगा।

### जानकारी के अभाव से बढ़ी नाराजगी

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य से जुड़ी जानकारी उन्हें नहीं दी जाती और शिकायतों पर भी ठोस कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों ने प्रशासन से पारदर्शिता बढ़ाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि जनहित के कार्य सही तरीके से पूरे हो सकें।

### प्रावधान अनुसार हो रहा कार्य

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के एसडीओ सौरभ देशमुख ने बताया कि उक्त सड़क का कार्य नवीनीकरण के अंतर्गत किया जा रहा है। साइड शोल्डर में जो सामग्री डाली जा रही है, वह प्रावधान अनुसार 10 सीबीआर दानेदार (ग्रेन्युलर) शोल्डर है और निर्धारित मानकों के अनुसार ही कार्य किया जा रहा है।

**एसडीओ सौरभ देशमुख**

# नाली निर्माण में बड़े घोटाले का आरोप पार्षद ने काम रुकवाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर पालिका पंडरिया में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। वार्ड क्रमांक 14 कुबा में चल रहे नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और घटिया गुणवत्ता का आरोप

- निर्माण कार्य में घटिया दर्जे की रेत व समाग्री उपयोग किए जाने का आरोप।

लगाते हुए पार्षद मुकेश संवरा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से शिकायत की है। जिस पर पार्षद ने अपने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि नाली निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। नियमानुसार छड़ (सरिया) को 6 इंच के अंतराल पर लगाया जाना चाहिए, लेकिन ठेकेदार द्वारा एक फीट से अधिक दूरी पर सरिया लगाया जा रहा है,



जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा निर्माण कार्य में घटिया दर्जे की रेत उपयोग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है, जिससे नाली की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। पार्षद का कहना है कि इस प्रकार के कार्य से भविष्य में नुकसान की स्थिति बन सकती है।

पार्षद मुकेश संवरा ने मांग की है कि संबंधित नाली निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए और पूरे कार्य की सूक्ष्म जांच कराई जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब तक निर्माण की गुणवत्ता की जांच पूरी न हो जाए, तब तक ठेकेदार को किसी भी प्रकार का भुगतान न किया जाए।

## खड़ौदाखुर्द में जनसंपर्क व ग्राम चौपाल का आयोजन

**हरिभूमि पिपरिया।** पिपरिया मंडल के ग्राम खडौदाखुर्द में ग्रामीण जन से जनसंपर्क एवं ग्राम चौपाल कार्यक्रम किया गया। जिसमें ग्राम में निवास भगवान शनिदेव मंदिर प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया और प्रधानमंत्री आवास भ्रमण एवं हितग्राहियों से भेंट-मुलाकात किया गया जिसमें संतोष साहू-हजारी साहू, श्रीमती हिरैया बाई-जल्लू, ईश्वरी-केजुराम व रामफल-हजारी साहू से संपर्क कर जानकारी लिए साथ ही भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान के क्रम में रमेश साहू, गिरवर साहू को शाल, श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया गया जिसमें पार्टी के नीति-रीति एवं सिद्धांतों पर चर्चा किया गया। वहीं केंद्र और राज्य सरकार के जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप संतोष पटेल, रमेश साहू, गिरवर साहू, लखनलाल साहू, सखाराम साहू, उतरेश साहू, राजेश्वर साहू, हरिराम साहू सहित भाजपा के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सरकार की योजनाओं को घर-घर जाकर बताया जा रहा: छत्र किशोर सानू तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** शक्ति केंद्र प्रभारी छत्र किशोर सानू तिवारी के नेतृत्व में ग्राम निगापुर में सैहामालगी लाभाविंत हितग्राहियों के घर-घर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता व विश्व के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के 47 वां स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा ही संगठन अभियान एवं 8 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले गांव बस्ती चलो अभियान के तहत शक्ति केंद्र प्रभारी जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी एवं जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे एवं मण्डल महामंत्री मनहरण साहू के कुशल मार्गदर्शन में भाजपा मण्डल कुण्डा के कार्यकर्ताओं ने कुण्डा मण्डल अंतर्गत ग्राम निगापुर में गांव-गांव एवं घर घर जाकर आमजन से आत्मीय भेंट-मुलाकात कर केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया एवं सरकार के जनहित कार्यों एवं योजनाओं से लाभन्वित जैसे प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदना, भूमिहीन कृषि मजदूर, किसान सम्मान निधि से लाभन्वित हितग्राहियों से मुलाकात कर जनसंवाद किया, जिसमें स्थानी भाजपा कार्यकर्ता रवि चंद्रवंशी, शेखर सिंगरौल, बबलू चंद्रवंशी, रितेश चंद्रवंशी, फिरतू साहू, मोहन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेवा ही संगठन अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचकर जनसंवाद

**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे सेवा ही संगठन अभियान के अंतर्गत 7 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव एवं घर-घर जाकर आमजन से आत्मीय-मुलाकात की गई। इस दौरान लोगों से संवाद कर उनके सुख-दुख को जाना गया तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि डबल इंजन सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है, वहीं गांव-गांव सड़क, बिजली एवं पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं सुलभ हो रही हैं। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा माताओं-बहनों के लिए महतारी वंदना योजना संचालित की जा रही है। मितानिन बहनों के योगदान की भी सराहना की गई। कार्यक्रम में शक्ति प्रभारी नरेश साहू, महेंद्र घृतलहरे मोहन चंद्रवंशी, सुमन कुमार ढीमर, कामेश कुमार साहू, डॉ भागवत साहू, हेमंत सिंह चौहान, नारायण साहू, कुलेश्वर साहू, राजेंद्र यादव, अंजोर दास, ईश्वर साहू, मेघनू साहू, किसान साहू एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव, अंत्योदय, विकास एवं राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



### भाजपा कुण्डा मण्डल का गांव चलो बस्ती चलो अभियान



**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा द्वारा संचालित राष्ट्र व्यापी गांव-चलो-बस्ती चलो अभियान अंतर्गत भाजपा मण्डल कुण्डा अंतर्गत ग्राम महली में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इस अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन-जन तक पहुंचकर शासन की योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को साझा किया, अभियान में मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम के प्रभारी मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं ग्रामीणों से सीधा-संवाद किया और संगठन की मजबूती पर बल दिया एवं कार्यक्रम के समापन पर पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सम्मान किया एवं शिव मंदिर पास साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, किसान सम्मान निधि, उज्जवल गैस सहित अन्य लाभान्वित हितग्राहियों से मुलाकात कर सीधा संवाद किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारणी सदस्य रामकुमार चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, हरे कृष्णा शुक्ला, मनोज ठाकुर, अंजू चंद्राकर, सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# कन्याओं को जन्म दीजिए और अच्छे संस्कार भी दें: ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

## भक्तजन कथा श्रवणपान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

धर्म नगरीय ग्राम बिरनपुर कला धराधाम में आयोजित गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि धन चाहिए तो शिव के मंदिर में दीपक जलाएं इसी से गुणनिधि कुबेर बन गए। भगवान श्रीशिव की कृपा से सृष्टि होती है शिव से ब्रह्मा उनसे 10 ऋषि उत्पन्न हुए फिर ब्रह्मा सृष्टि विस्तार का विचार करते हैं तब एक पुरुष उत्पन्न होते हैं, वो हैं कामदेव सृष्टि विस्तार के लिए ब्रह्मा ने कामदेव को पांच बाण दिए। ब्रह्मा के पसीने से पितर उत्पन्न हुए, दक्ष के पसीने से रति उत्पन्न हुई, दक्ष से साठ कन्या उत्पन्न हुई, जिनका अलग-अलग ऋषियों के साथ विवाह हुआ और सृष्टि का विस्तार हुआ। सभी लोग सुन्दर और सुशील बहू चाहते हैं पर बेटियों से परहेज करते हैं तो ये उचित नहीं है। इसलिए बेटियों का बहुत सम्मान करना चाहिए भ्रूण हत्या बहुत बड़ा पाप है जिसका



प्रायश्चित नहीं है। कन्याओं को जन्म देना चाहिए और बहुत अच्छे संस्कार देना चाहिए सम्मान करना चाहिए। दक्ष ने तप किया और जगत जननी माता सती के रुप में दक्ष के घर प्रगट हुई। चारों ओर सुख संपत्ति रिद्धि-सिद्धि आनंद छा गया। देवर्षि नारद ने माता सती को शिव को पाने के लिए तप बताया। एकादशी को चांवल भात खाने से पाप लगता है पर भगवान में चांवल चढ़ा सकते हैं पूजन कर सकते हैं। माता सती ने भगवान शिव को प्राप्त करने तप किया भगवान शिव प्रसन्न हुए और शिव और सती का विवाह होता है।

माता सती ने पूछा कि भक्ति क्या है तब भगवान श्री शिव कहते हैं कि जिनके पास भक्ति होती है मैं उनके बस में हो जाता हूं, भक्ति दो प्रकार की है एक सगुण और दूसरा निर्गुण सगुण उपासना नौ प्रकार की है यही नवधा भक्ति है एक भी जीवन में आ गया तो उसका कल्याण हो जाता है। भगवान शिव सहज कृपा करते हैं एक शिकारी अनायास रात्रि जागरण करता है, शिवरात्रि को बिल्व वृक्ष में शिकार करने जगते हैं बिल्व पत्र गिरता है और अनजाने में होने वाले पूजन से भगवान शिव प्रसन्न हो गए और वरदान दे दिए। भगवान श्रीशिव ने कृपा करके मार्कण्डेय ऋषि को दीर्घायु वाले बना देते हैं। वहीं भक्तजन प्रातः काल से यज्ञ भगवान की पूजा होती है जो लगभग 1 एक बजे तक चलती है उसके बाद प्रवचन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन कथा श्रवणपान करने पहुंच रहे है।


# धनेली-भगतपुर में डीबीपीएल प्रीमियर लीग का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली में प्रथम वर्ष डीबीपीएल धनेली भगतपुर प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि महेन्द्र घृतलहरे द्वारा फीता काटकर एवं श्रीफल अर्पित कर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत भगतपुर के सरपंच कपिल चंद्रकार उपस्थित थें, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता में भगतपुर एवं धनेली की कुल 4 टीमें भाग ले रही हैं, इन टीमों के बीच 9-9 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सरपंच कपिल चंद्राकर एवं ग्राम के जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से महेन्द्र घृतलहरे, कपिल चंद्राकर, मनहरण साहू, दिनेश साहू, रामफल चंद्रवंशी, दिनेश पाण्डेय, सोनू चंद्रवंशी, लाला चंद्रवंशी, अतुल राज, विक्की साहू, दीपेश साहू, मोनू साहू, अजय साहू, कुलेश्वर साहू, रोहित चंद्राकर, परमेश्वर चंद्रवंशी सहित ग्रामवासी एवं खिलाड़ी गण उपस्थित थें।

# नेऊर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए: विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम पंचायत नेऊर में आयोजित संगीतयम श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास पं राजू महाराज ने प्रहलाद चरित्र, अजामिल उपाख्यान एवं गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि पुण्य कर्म से पाप मिटते नहीं, बल्कि कुछ समय के लिए छिप जाते हैं। पुण्य का प्रभाव समाप्त होते ही पाप पुनः जीवन में अपना असर दिखाने लगता है, इसलिए मनुष्य को पाप कर्म से पूर्णतः बचना चाहिए। कथा व्यास श्री महाराज ने बताया कि कलयुग में पाप से मुक्ति का एकमात्र उपाय भगवान के नाम का संकीर्तन बताया। उनके मधुर भजन और सरल व्याख्यान से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम की संरक्षक विधायक श्रीमती भावना बोहरा भी कथा श्रवण हेतु शामिल हुई, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि क्षेत्रवासी अत्यंत भाग्यशाली हैं, जिन्हें इस पावन कथा को सुनने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कथा सुनाने वाले सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया साथ ही घर वापसी कर यजमान के रूप में बैठे दो जोड़ों की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया। इस दौरान विधायक के साथ कार्यकर्ता एवं अनेक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थें। संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन सुनहले परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिससे ग्रापं नेऊर व वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है, जहां आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

## समीक्षा बैठक में विधायक भावना सख्त गुणवत्ता व समयबद्ध कार्य पर जोर



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पालिका परिषद पंडरिया में आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विकास कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और शिकायतों का त्वरित निराकरण प्राथमिकता में होना चाहिए। बैठक में विधायक ने वार्ड पार्षदों से सीधे संवाद कर उनके क्षेत्रों की समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, पीएम आवास, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था जैसे मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता के साथ हो और हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले। साथ ही पुराने बिजली तारों के सुधार, बाजार क्षेत्र में पब्लिक टॉयलेट, ट्रांसफार्मर की उपलब्धता और नगर में स्वच्छता व सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि पंडरिया में सड़क, पुल, नहर, बाईपास, नालंदा परिसर सहित कई विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिन्हें तय समय में पूरा करना आवश्यक है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पार्षद उपस्थित थे।

## आवास के नाम पर ठगी, बैगा परिवार से 40 हजार लेकर ठेकेदार गायब



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रधानमंत्री आवास योजना पर उठे सवाल? बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पालक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक गरीब आदिवासी बैगा परिवार के साथ ठगी का मामला सामने आया है। हितग्राही परिवार ने आरोप लगाया है कि मकान निर्माण के नाम पर 40 हजार रुपए लेने के बाद भी महीनों से काम शुरू नहीं किया गया है। मामले में हितग्राही सुकरतीन बाई-पति मेहर सिंह का आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ है। ग्रामीण हितग्राही परिवार का कहना है कि लालीचंद नामक व्यक्ति ने ठेकेदार बनकर मकान जल्द तैयार करने का भरोसा दिलाया और पहली किस्त के रूप में 40 हजार रुपए ले लिया। लेकिन इसके बाद से ही वह लगातार टाल-मटोल कर रहा है। पीड़ित परिवार के अनुसार ठेकेदार द्वारा अब तक केवल एक हजार से भी कम ईंट लाकर रखी गई है। इसके अलावा न तो छड़, सीमेंट, रेत और गिट्टी जैसी जरूरी निर्माण सामग्री पहुंचाई गई है और न ही निर्माण कार्य शुरू किया गया है। परिवार ने बताया कि जब भी काम शुरू करने की बात कही जाती है तो ठेकेदार गड्ढा खोदने की बात कहकर जल्द सामग्री लाने का आश्वासन देता है। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ठेकेदार के चक्कर काटते-काटते पीड़ित महिला परेशान हो चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य गरीबों को पक्का घर उपलब्ध कराना है, लेकिन इस तरह की घटनाएं योजना की पारदर्शिता और क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर रही हैं। बैगा परिवार का कहना है कि उनकी मेहनत की कमाई और सरकारी सहायता दोनों ही दांव पर लग गई हैं। प्रशासन से कार्रवाई की मांग-पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने और उन्हें योजना का लाभ दिलाने की अपील की है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## अन्नपूर्णा चंद्राकर बनीं ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष

**पाण्डातराई।** जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत ने अपनी टीम का विस्तार करते हुए पंडरिया महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की नियुक्ति की है। पंडरिया ब्लाक में यह जिम्मेदारी जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अन्नपूर्णा राम गोपाल चंद्राकर को दी है। श्रीमती चन्द्राकर की इस नियुक्ति से उनके समर्थकों के साथ क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। श्रीमती चन्द्राकर को पूर्व मंत्री मो.अकबर भाई, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा अगम अनंत तथा महामंत्री मनीष शर्मा की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

## बैरख में राज्यव्यापी पढ़ाई तिहार का आयोजन

**बोड़ला।** वनांचल क्षेत्र के ग्राम बैरख स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में



शनिवार को राज्यव्यापी पढ़ाई तिहार कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक एवं भाषा विकास से जुड़े ज्ञानवर्धक प्रश्न पूछे गए, जिनमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को घर में उपलब्ध साधनों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रेरित करना रहा। संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। घर का वातावरण और मां का सानिध्य बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाता है, इसलिए मां को बच्चों का प्रथम गुरु कहा जाता है। वहीं संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा ने पढ़ाई तिहार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए माताओं को प्रेरित किया कि वे खेल-खेल में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक और भाषा विकास पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सरल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट माताओं को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य माताओं को भी प्रेरणा मिली। इस आयोजन में शासकीय हाई स्कूल, माध्यमिक विद्यालय, आश्रम बैरख तथा आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, प्रधान पाठिका श्रीमती आरती झारिया, शिक्षिका श्रीमती चमेश रावटे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चमेली धुर्वे, समर्थ ट्रस्ट से परमेश्वर सहित बड़ी संख्या में माताएं उपस्थित रहीं।

## सहायक शिक्षकों की पदोन्नति में तेजी की मांग

**कवर्धा।** सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया में



हो रही देरी को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, कबीरधाम के पदाधिकारियों ने संयुक्त संचालक, दुर्ग से मुलाकात कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। फेडरेशन के संभाग अध्यक्ष कृष्णा वर्मा एवं जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पदोन्नति प्रक्रिया में आ रही बाधाओं और विलंब पर विस्तार से चर्चा की। पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से पदोन्नति लंबित होने के कारण शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है, जिसे शीघ्र दूर किया जाना आवश्यक है। मुलाकात के दौरान सहायक संचालक शुक्ला ने जानकारी दी कि सभी जिलों से दावा-आपत्ति मंगाई गई थी, लेकिन बालोद, बेमेतरा एवं मानपुर-मोहला जिलों से अभी तक दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि पदोन्नति की प्रक्रिया लगातार जारी है और जैसे ही सभी जिलों से आवश्यक जानकारी प्राप्त हो जाएगी, अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर पदोन्नति प्रक्रिया को गति दी जाएगी। जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा ने बताया कि संयुक्त संचालक द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से वरिष्ठता सूची मंगाई गई है। इन सूचनाओं के प्राप्त होने के बाद ही अंतिम सूची जारी की जाएगी, जिसके आधार पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी होगी। इस अवसर पर फेडरेशन के संभाग अध्यक्ष कृष्णा वर्मा, जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष केशलाल साहू सहित संगठन के सदस्य जेएल बंछोर, विनोद चंद्रवंशी, राकेश खरे, राजेश भगत, संजय राज, साकेत राज, मनोहर घृतलहरे, भुनेश्वर साहू, उत्तम लॉयल, श्रीमती भावना रवि सिंह, अशोक विनायक, चन्द्रशेखर सोनी, नायक, शिवकलेश बांधेकर एवं कमलेश पनागर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। फेडरेशन ने उम्मीद जताई है कि विभाग शीघ्र आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर सहायक शिक्षकों की पदोन्नति सुनिश्चित करेगा, जिससे शिक्षकों में उत्साह बढ़ेगा और शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**इंतजार:** मजदूर दिवस के दिन एक मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई प्रारंभ होने की उम्मीद

# जंगल में हरा सोना तैयार, अब संग्राहकों को तोड़ाई प्रारंभ होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मौसम अनुकूल रहा है और सब कुछ समान्य रहा तो इस वर्ष जिले में तेंदूपत्ता की तोड़ाई का कार्य 1 मई से प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिसकी जिलेभर के तेंदूपत्ता संग्राहक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जिले की सभी 19 समितियों में तेंदूपत्ता तोडाई की तैयारियां की जा रही है। बताया जा रहा है कि बीते वर्ष की तरह इस बार भी जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों में तेंदूपत्ता तोड़ाई को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है क्योंकि भाजपा शासनकाल में बीते वर्ष से तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपए प्रति मानक बोरा की दर से भुगतान किया जा रहा है जिससे संग्राहकों को सीधे तौर पर अच्छा लाभ हो रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस शासनकाल में तेंदूपत्ता 4000 रूपए प्रति मानक बोरा के भाव से खरीदा जाता था लेकिन भाजपा शासन काल में इसके समर्थन मूल्य में 1500 रूपए की वृद्धि की गई है। वहीं इस बार जिले में तेंदूपत्ता का अच्छा उत्पादन हुआ है यही वजह है कि इस बार तेंदुपत्ता संग्राहकों में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के राजानवागांव, बोड़ला, सहसपुर, सिंघारी, मोतिमपुर, पंडरिया, कोदवा, कुकदुर, कामठी, खैरबना, तरेगांव, चिल्फी, खारा सहित अन्य वनांचल ईलाकों में हर साल मई माह के इस सीजन में उच्चकोटि के तेंदुपत्ता का भरपूर उत्पादन होता है और यही वजह है कि यहां के तेंदुपत्ता की मांग कर्नाटक सहित दूसरे राज्यों में होती है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते वर्षो तक ठेकेदार तेंदुपत्ता की तोड़ाई के पूर्व हीइसकी बोली लगाकर एडवांस में लघुवनोपज समीतियों से खरीदी कर लिया करते थे। इस बार भी समितियों द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है।

### तेंदुपत्ता उत्पादन बढ़ाने साख कतरन कार्य पूर्ण



कबीरधाम जिले में ग्रीन गोल्ड कहे जाने वाले तेंदुपत्ता के बेहतर उत्पादन के लिए साख कतरन का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। वन विभाग के मार्गदर्शन में यह कार्य निर्धारित समय सीमा में संपन्न हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार साख कतरन से तेंदुपत्ता की नई कोपलें अधिक संख्या में निकलती हैं, जिससे उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इसका सीधा लाभ संग्राहकों को अधिक आय के रूप में मिलता है, वहीं शासन को भी राजस्व में बढ़ोतरी होती है। आगामी सीजन में बेहतर उत्पादन की उम्मीद जताई जा रही है।

### पुरूष संग्राहकों को अब तक नहीं मिली चरण पादुकाएं

गौरतलब है कि पूर्व की रमन सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को शासन की चरण पादुका योजना का लाभ दिया जाता था। लेकिन प्रदेश में कांग्रेस भूपेश सरकार के आने के बाद इस जनकल्याणकारी योजना को बंद कर दिया गया था। बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सत्ता में आने के बाद पुनः तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका योजना प्रारंभ किए जाने का ऐलान किया था। जिसके एक साल बाद बीते वर्ष शासन ने महिला तेंदुपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की थी लेकिन पुरूष तेंदुपत्ता संग्राहक योजना के लाभ से वंचित रह गए थे। बताया जा रहा है कि इस वर्ष पुरूष तेंदुपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की जाएगी। लेकिन अभी तक यह कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। ऐसे में संग्राहकों का कहना है कि अगर चरण पादुका का वितरण तोड़ाई से पूर्व किया जाए तो बेहतर होगा। लेकिन बीते वर्ष भी शासन ने महिला संग्राहकों को तोड़ाई के बाद की चरण पादुका वितरण किया था और इस बार भी ऐसा लगता है कि योजना का लाभ तेंदुपत्ता तोड़ाई के बाद ही दिया जाएगा।

# जमीन विवाद में दबंगों की धमकी से परिवार दहशत में

- पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लगाई सुरक्षा की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले के भालूचुआ ग्राम में जमीन विवाद को लेकर एक परिवार दबंगों के कथित आतंक से परेशान है। पीड़ित जितेंद्र गेंन्द्रे ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई एवं परिवार की सुरक्षा की मांग की है। आवेदन के अनुसार, गांव के ही रामसाहायता, रामखिलावन, सोमदत्त, ईश्वर और अमित द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने बताया कि 7 अप्रैल 2026 को आरोपी उसके निजी खेत में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना की शिकायत थाना भोरमदेव में की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 9 अप्रैल को आरोपियों ने दोबारा इसी तरह की हरकत की, जिसकी शिकायत पुनः पुलिस से की गई, परंतु इस बार भी प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। पीड़ित का आरोप है कि 11 अप्रैल 2026 को एक बार फिर सभी नामजद आरोपी खेत में घुसकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी मारपीट की घटना को अंजाम दे चुके हैं, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे लगातार परिवार को डराने-धमकाने में लगे हुए हैं। परिवार का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस द्वारा केवल समझाइश दी जा रही है, जिससे आरोपियों का मनोबल और बढ़ गया है। वर्तमान में परिवार के बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी एवं छोटे बच्चे भय के माहौल में जीवन यापन कर रहे हैं। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि नामजद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटती है, तो इसकी जिम्मेदारी आरोपियों के साथ-साथ प्रशासन की भी होगी।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में राशि लेकर ठगी करने का आरोप

**बोड़ला।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित गरीब आदिवासी बैगा परिवार के सपनों पर पानी फिरता हुआ दिख रहा है। ग्राम पालक के एक बैगा परिवार ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने उनसे मकान निर्माण का ठेका लेकर प्रथम किस्त के रूप में 40 हजार रुपए ले लिए, लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। मामले में हितग्राही सुकरतीन बाई, पति मेहर सिंह का आवास स्वीकृत किया गया था। परिवार का कहना है कि ठेकेदार लॉलीचंद ने शीघ्र मकान निर्माण पूरा करने का वादा किया था, लेकिन प्रथम किस्त की राशि प्राप्त करने के बाद से ही वह उन्हें लगातार घुमाता आ रहा है। पीड़ित महिला ने तंग आकर बताया कि वह ठेकेदार के चक्कर काटते-काटते परेशान हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो निर्माण कार्य शुरू हुआ और न ही कोई ठोस पहल की गई है। पीड़ित परिवार के अनुसार, ठेकेदार द्वारा केवल एक हजार से भी कम ईंट लाकर रख दी गई है, जबकि इसके अलावा कोई भी निर्माण सामग्री जैसे छड़, सीमेंट, रेत या गिट्टी—अब तक नहीं पहुंचाई गई है। परिवार का आरोप है कि दिए गए पैसों का सही उपयोग नहीं किया जा रहा है और ठेकेदार लगातार टालमटोल कर रहा है। हितग्राही के मुताबिक ठेकेदार द्वारा बार-बार निर्माण कार्य में देरी का कारण बताते हुए यही कहा जाता है कि पहले गड्ढा खोदने की आवश्यकता है और फिर निर्माण सामग्री जल्द आ जाएगी। लेकिन महीनों से यही बहाना बना कर ठेकेदार परिवार को घुमा रहा है और निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं दिखाई दे रही है।

# टीईटी योग्यता सेवापुस्तिका में दर्ज करने के दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि टीईटी अर्थात शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिक्षकों की जानकारी सेवापुस्तिका में दर्ज किया जाएगा। इस संबंध में कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग से विगत एक अप्रैल को संभाग के समस्त डीडीओ अर्थात समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य के नाम जारी पत्र में टीईटी उत्तीर्ण समस्त शिक्षकों की टीईटी उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र का परीक्षण उपरांत सेवापुस्तिका में इंद्राज करने का निर्देश दिया गया है। जिले के कई शिक्षकों से सेवापुस्तिका में इंद्राज




नहीं करने की जानकारी प्राप्त हो रहा था, लेकिन इस पत्र के जारी होने के बाद अब सन 2011 से लेकर अब तक टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिक्षकों की सेवापुस्तिका में यह जानकारी दर्ज किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर 2025 को पारित आदेश में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों को दो साल के भीतर टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता किया है। टीचर्स एसोसिएशन ने आरटीई लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने तथा शिक्षकों की सेवा सुरक्षा हेतु विभागीय शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन शीघ्र करने की मांग किया है।

# शिक्षा में गुणवत्ता उन्नयन के लिए शासकीय महाविद्यालय बोड़ला एवं समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट के बीच एमओयू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास तथा शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय एवं समर्थ चेरिटेबल ट्रस्ट के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता के तहत महाविद्यालय में एक तरह का नवाचार किया जा सकेगा, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर आवश्यकतानुसार रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराया जायेगा। इस एमओयू के दौरान महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उमेश कुमार पाठक, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक सनत कुमार देवांगन, राकेश गौतम, योगेश ध्रुव के साथ समस्त स्टाफ और छात्र छात्राएं तथा समर्थ संस्था की ओर से एग्रोफारेस्ट्री एक्सपर्ट गुरप्रीत सिंग तथा प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर रितेश शिंदे उपस्थित रहे। प्राचार्य उमेश कुमार पाठक ने इसे महाविद्यालय और विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया। इससे विद्यार्थी न केवल महाविद्यालय में बल्कि महाविद्यालय के बाहर फील्ड में जाकर व्यावहारिक तरीके से विभिन्न विषयों को सीख सकेंगे। इसके माध्यम से अपने कौशल और तकनीकी ज्ञान को बढ़ाकर अपने व्यक्तित्व का समुचित विकास कर सकते हैं।

**इन बिंदुओं पर समझौता**

जानकारी के मुताबिक इस एमओयू के तहत महाविद्यालय के छात्र समर्थ के प्रोजेक्ट स्थलों का भ्रमण करेंगे एवं उनके एग्रो फॉरेस्ट्री मॉडल, बायोगैस यूनिट, नर्सरी यूनिट एवं अन्य आजीविका आधारित परियोजना की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन। विद्यार्थियों को इंटर्नशिप/फील्ड लर्निंग का अवसर मिलेगा। तथा परियोजनाओं में आवश्यकता अनुसार योग्य एवं प्रशिक्षित छात्रों को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाना शामिल है। महाविद्यालय की ओर से प्रभारी प्राचार्य उमेश कुमार पाठक एवं समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एग्रोफॉरेस्ट्री एक्सपर्ट गुरप्रीत सिंह ने इस पर हस्ताक्षर किए।

**नगर में देखने को मिला श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत संगम**

# मुमुक्षु काजल डाकलिया का सकल जैन श्री संघ ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

समीपवर्ती नगर पंडरिया निवासी श्रीमती इंदिरा दिनेश डाकलिया की सुपुत्री मुमुक्षु काजल डाकलिया के कवर्धा आगमन पर सकल जैन श्री संघ के तत्वावधान में उनका भव्य एवं भावभीनी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिला। गत शुक्रवार संध्या 7 बजे भीषमचंद संदीप लुनिया के निवास से भव्य वरघोड़ा निकाला गया, जो महावीर स्वामी चौक, ऋषभदेव चौक एवं सराफा बाजार से होते हुए जैन मंदिर स्थित चोपड़ा हॉल पहुंचा। यहां वरघोड़ा अभिनंदन सभा में परिवर्तित हो गया, जहां बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरीली आवाज़ की धनी सुश्री पलक लोढ़ा ने किया। इस दौरान ज्ञान वल्लभ महिला मंडल, स्थानकवासी महिला मंडल एवं शांति विजय महिला मंडल द्वारा समूह गान प्रस्तुत कर मुमुक्षु काजल के इस प्रेरणादायक कदम की सराहना की गई। अभिनंदन सभा में



सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, श्वेतांबर जैन मूर्तिपूजक संघ अध्यक्ष खुशाल टाटिया, वर्धमान जैन स्थानकवासी श्रावक संघ की ओर से गेन्दमल मोदी सहित श्रीमती प्रीति अनिल लूनिया, श्रीमती नीना अभिषेक पारख एवं श्रीमती नेहा अंकुश राखेचा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मुमुक्षु काजल के संयमी जीवन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ के पूर्व अध्यक्ष अजय टाटिया ने वर्तमान सामाजिक विसंगतियों पर प्रश्न उठाए, जिनका मुमुक्षु काजल डाकलिया ने सटीक एवं तर्कपूर्ण उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक रूप में होना चाहिए, दुरुपयोग से बचना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने शालीन पहनावे में अभिभावकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अपने वैराग्य भाव को व्यक्त करते हुए मुमुक्षु काजल ने कहा कि मन में लंबे समय तक यह द्वंद्व चलता रहा कि कौन-सा मार्ग श्रेष्ठ है। गहन चिंतन एवं गुरु भगवंतों के मार्गदर्शन से उन्होंने संयम जीवन को अपनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि शाश्वत सुख संयम के मार्ग पर चलने से ही प्राप्त हो सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि उनकी प्रव्रज्या (दीक्षा) 23 अप्रैल 2026 को भीलवाड़ा (राजस्थान) में होगी। इसके पूर्व 13 एवं 14 अप्रैल को उनके गृह नगर पंडरिया से दीक्षार्थ विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी से सहभागिता एवं आशीर्वाद देने की अपील की। इस अवसर पर रमेश चोपड़ा, डॉ. नितिन जैन, अभय लोढ़ा, श्रीमती नीता संदीप लुनिया सहित अनेक श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। मुमुक्षु काजल ने उन सभी का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन्हें इस मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अंत में सकल जैन श्री संघ कवर्धा द्वारा मुमुक्षु काजल डाकलिया का तिलक-माला एवं खोल भरकर सम्मान किया गया तथा उनके सफल संयमी जीवन की मंगलकामना की गई।

# पुलिस महानिरीक्षक ने पंडरिया थाना का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज बालाजी राव सोमावार द्वारा शनिवार को थाना पंडरिया एवं अनुविभागीय पुलिस कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया




गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अभिलेख, रोजनामचा, शस्त्रागार, मालखाना, बंदीगृह एवं थाना परिसर की व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज बालाजी राव सोमावार ने निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से बेहतर पुलिसिंग एवं अनुशासन, बीट प्रणाली को मजबूत करने, लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण करने, आमजन से सतत संवाद बनाए रखने तथा तकनीकी संसाधनों के अधिक उपयोग, प्रभावी गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी एवं खुफिया तंत्र को मजबूत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने बैठक के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आत्मीय चर्चा कर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। साथ ही पुलिस महानिरीक्षक ने सभी को अनुशासन, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य करते हुए आमजन में विश्वास एवं सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया।